


सब का सपना

निष्पक्ष व निडर - हिंदी दैनिक समाचार पत्र



स्वच्छता ही सेवा 2026 के अंतर्गत स्वच्छ पाठशाला, युवा फॉर स्वच्छता पेज: 2

एसपी ग्रामीण बने यातायात प्रभारी गौतम राय पेज: 8

वर्ष : 02 | अंक : 172 | शनिवार 26 सितंबर 2026 | अमरोहा (उत्तर प्रदेश) | www.sabkasapna.com | पृष्ठ : 08 | मूल्य: 2 रुपए

पंजाब में पराली जलाने की 27 घटनाएं, 10 की पुष्टि; 35 हजार का जुर्माना

चंडीगढ़ (एजेंसी)। पंजाब में पराली जलाने की घटनाओं पर नियंत्रण की कवायद के बीच पंजाब पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड (पीपीसीबी) ने अपनी एक्शन टेकन रिपोर्ट (एटीआर) जारी की है। 24 सितंबर तक के आंकड़ों के अनुसार पूरे राज्य में कुल 27 पराली जलाने की घटनाएं दर्ज की गई हैं, जिनमें से 10 खेतों में मौके पर निरीक्षण के बाद इसकी पुष्टि भी हुई है। ये आंकड़े इसरो के मानक प्रोटोकॉल के तहत सैटेलाइट निगरानी पर आधारित हैं। रिपोर्ट के मुताबिक पीपीसीबी ने कुल 21 खेतों का निरीक्षण किया और 10 स्थानों पर पराली जलाने की पुष्टि हुई। इन मामलों में कुल 7 जगह पर्यावरण मुआवजा (ईसी) लगाया गया, जिससे 35,000 रुपए का जुर्माना लगाया गया। हालांकि, इसमें से अब तक केवल 10,000 रुपए ही वसूले जा सके हैं। जिलेवार आंकड़ों में अमृतसर में सर्वाधिक 13 घटनाएं दर्ज हुईं, जिनमें से 4 की पुष्टि हुई और 5,000 रुपए का जुर्माना लगाकर वसूल भी लिया गया। फिरोजपुर में 4 मामलों में से 3 की पुष्टि हुई, जहां 15,000 रुपए का जुर्माना लगा, जिसमें से 5,000 रुपए वसूले गए। यहां तीन फार्म रिकॉर्ड में रेड एंट्री और चार वार्निंग नोटिस भी जारी किए गए। पटियाला में एक मामला सामने आया जिसकी पुष्टि हुई और 5,000 रुपए का पर्यावरण मुआवजा लगाया गया। चौंकाने वाली बात यह है कि इस मामले में वसूली गई राशि शून्य है और न ही कोई एफआईआर दर्ज हुई है या अधिकारियों पर कोई कार्रवाई की गई है। तरनतारन में 5 में से 1, होशियारपुर में दर्ज एकमात्र मामले में पुष्टि हुई। गुरदासपुर, शहीद भगत सिंह नगर में भी मामले दर्ज हुए हैं। जबकि बरनाला, बठिंडा, फरीदकोट सहित कई जिलों में इस अवधि में पराली जलाने का कोई मामला दर्ज नहीं हुआ है।

कतर्नियाघाट में तेंदुए ने ली महिला की जान; ग्रामीणों में दहशत

लखनऊ (एजेंसी)। उत्तर प्रदेश के बहराइच जिले के कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग में तेंदुए के हमले में एक महिला की दर्दनाक मौत हो गई। यह हृदयविदारक घटना उस समय हुई जब महिला अपने घर के पीछे बाड़ी में सब्जी तोड़ने गई थी, तभी घात लगाए तेंदुए ने उस पर हमला कर दिया। इस दुखद घटना के बाद इलाके के ग्रामीणों में भारी दहशत और आक्रोश का माहौल व्याप्त है। प्रभागीय वनाधिकारी (डीएफओ) ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि महिला अपने घर के पीछे सब्जी तोड़ रही थी, उसी दौरान तेंदुए ने अचानक हमला कर दिया, जिससे उसकी जान चली गई। उन्होंने स्पष्ट किया कि वन विभाग क्षेत्र में ऐसी अप्रिय घटनाओं को रोकने के लिए पिछले दो-तीन दिनों से गांव-गांव में जन-जागरूकता गोष्ठियां आयोजित कर लोगों को सतर्क रहने की सलाह दे रहा था। साथ ही, वन्यजीवों की निगरानी और ग्रामीणों की सुरक्षा के लिए प्रभावित क्षेत्र में प्रशिक्षित हाथियों के जरिए लगातार तीन दिनों से गश्त भी कराई जा रही थी। डीएफओ ने बताया कि घटना के बाद वन विभाग की टीमों को और अधिक सतर्क कर दिया गया है। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की है कि वे जंगल या झाड़ियों वाले इलाकों के आसपास अकेले न जाएं और सावधानी बरतें ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोका जा सके।

काशी में एयर शो से पहले घाटों पर सफाई युद्धस्तर पर

वाराणसी (एजेंसी)। गंगा नदी का जलस्तर चेतावनी के निशान से नीचे आने के बाद अब काशी के घाटों को साफ-सुथरा बनाने का काम युद्धस्तर पर जारी है। आगामी 22, 23 और 25 अक्टूबर को नमो घाट पर प्रस्तावित भव्य एयर शो के मद्देनजर वाराणसी नगर निगम ने कमर कस ली है। बाढ़ का पानी उतरने से पक्के घाटों की सीढ़ियों और तटवर्ती इलाकों में भारी मात्रा में सिल्ट व कीचड़ जमा हो गई थी। इसे हटाने के लिए निगम के स्वच्छता अमले ने नमो घाट सहित सभी प्रमुख घाटों पर विशेष अभियान छेड़ दिया है। पानी की बौछार से सीढ़ियों को धोने और गाद हटाने का काम तेजी से चल रहा है। अतिरिक्त सफाई कर्मियों और जेटिंग मशीनों की मदद से घाटों को पूरी तरह स्वच्छ, सुगम और सुरक्षित बनाया जा रहा है, ताकि एयर शो देखने आने वाले शहरवासियों और पर्यटकों को कोई असुविधा न हो।

मध्य प्रदेश में मिले 70 फर्जी पासपोर्ट, एसटीएफ ने 6 संदिग्धों को किया गिरफ्तार

भोपाल (एजेंसी)। मध्य प्रदेश एसटीएफ ने संगठित फर्जी पासपोर्ट रैकेट की जांच में करीब 70 फर्जी पासपोर्ट का पता लगाया है। ये पासपोर्ट राज्य में अलग-अलग पतों का इस्तेमाल करके बनवाए गए थे। अब जांच में बड़े नेटवर्क और अधिकारियों की मिलीभगत की भूमिका की भी जांच की जा रही है। एसटीएफ के डीआईजी ने शुक्रवार को बताया कि अब तक छह संदिग्धों को गिरफ्तार किया है और फर्जी पासपोर्ट बनाने और हासिल करने के पीछे पूरे नेटवर्क का पता लगाने की जांच जारी है। डीआईजी ने कहा कि यह एक बहुस्तरीय मामला है और जांच अभी भी चल रही है। अब तक छह संदिग्धों को गिरफ्तार किया है, जिसमें दो दिन पहले की गई ताजा गिरफ्तारी भी शामिल हैं। 23 सितंबर को गयाप्रसाद गौतम को गिरफ्तार किया था। इससे पहले 25 अगस्त से 18 सितंबर के बीच रियाल चौधरी उर्फ भंते मेतानंद, विप्लब अधिकारी, प्रियन रॉय, जॉय चौधरी और नसीम अख्तर को गिरफ्तार किया था।

यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो, पहले दिन ही छाया फेमस इंडिया का भुजिया सेव, जोया के फैसल ने दर्ज की रिकॉर्ड बिक्री

अमरोहा (सब का सपना):- ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट में शुरू हुए उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो में जनपद अमरोहा के हुनर और स्वाद का डंका पहले दिन ही बज उठा। एक जिला एक व्यंजन (ओडीओसी) योजना से जुड़े जोया निवासी युवा उद्यमी फैसल पाशा के स्टॉल ह्यफेमस इंडिया कॉर्नर पर खरीदारों की जबर्दस्त आमद देखने को मिली। फेमस इंडिया कॉर्नर ब्रांड के तहत पेश किए गए भुजिया सेव को पहले ही दिन मिले शानदार रिस्पॉन्स से अमरोहा के उद्यमियों में भारी उत्साह है और उनका मानना है कि वीकेंड पर कारोबार में बड़ा उछाल देखने को मिलेगा। कस्बा जोया से ट्रेड शो में पहुंचे फैसल पाशा ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की पहल और ओडीओपी योजना ने स्थानीय इकाइयों को जो अंतरराष्ट्रीय मंच दिया है, वह मील का पत्थर साबित हो रहा



है। उन्होंने बताया कि ह्यफेमस इंडिया कॉर्नरह्ल के बैनर तले अजवाइन, काली मिर्च और हींग-जीरा फ्लेवर वाले भुजिया सेव की खास वैरायटी पेश की गई है, जिसे पूरी तरह स्वच्छ वातावरण और नाइट्रोजन पैकिंग में तैयार किया गया है। फैसल ने बताया कि पहले दिन ही उनके स्टॉल से 30 हजार रुपये से अधिक की बिक्री दर्ज हो चुकी है। किसी बड़े मंच पर पहले ही दिन उत्पादों को हाथों-हाथ लिए जाने से उनका भरोसा और बढ़ा है। उन्हें पूरी उम्मीद है कि शनिवार और रविवार को ट्रेड शो में जुटने वाली भारी भीड़ से फेमस इंडिया कॉर्नर ब्रांड को बड़े वितरकों और थोक खरीदारों के सीधे ऑर्डर हासिल होंगे। फैसल की इस शुरूआती कामयाबी से ट्रेड शो में पहुंचे अमरोहा के अन्य कारीगरों और उद्यमियों के चेहरे भी खिल उठे हैं। हैंडलूम वस्त्रों की प्रदर्शनी लगा रहे अमरोहा के उद्यमी गुलफाम अहमद ने बताया कि पहले दिन स्थानीय स्तर पर बनी चादरों व तकिए के कवर जैसे उत्पादों की खरीदारी की शुरूआत हो चुकी है। गुलफाम के अनुसार, प्रदर्शनी के शुरूआती दौर के बाद अब शनिवार-रविवार को आम और खास खरीदारों के साथ-साथ विदेशी आयातकों की आवाजाही बढ़ेगी, जिससे मौके पर बिक्री के साथ ही बड़े एक्सपोर्ट ऑर्डर की मजबूत जमीन तैयार होगी। वहीं, जीआई टैग श्रेणी के तहत वाद्य यंत्रों का स्टॉल संभाल रहे आर्टिजन वेलफेयर सोसायटी के नाजिम ने बताया कि पहले दिन लोग स्टॉलों पर पहुंचकर उत्पादों का जायजा ले रहे हैं। नाजिम ने भरोसा जताया कि शनिवार से विदेशी खरीदारों और संस्थागत खरीदारों की आमद में तेज इजाफा होगा, जिससे अमरोहा के पारंपरिक ढोलक व वाद्य यंत्रों को वैश्विक स्तर पर सीधे कारोबारी सौदे मिलेंगे। ट्रेड शो में शिरकत कर रहे अमरोहा के सभी छह उद्यमियों को विश्वास है कि यह वीकेंड जिले के कुटीर उद्योगों के लिए बंपर कारोबार लेकर आएगा।

● गृहमंत्री अमित शाह ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो सेंटर में पांच दिवसीय उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो के चौथे संस्करण का उद्घाटन करेंगे। यह शो यूपी की सांस्कृतिक और व्यापारिक ताकत....

बृजभूषण की मुश्किलें बढ़ीं: पहलवानों ने यौन उत्पीड़न मामले में बरी करने के फैसले को चुनौती दी

नई दिल्ली , एजेंसी।
भारतीय कुश्ती संघ के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह की मुश्किलें फिर बढ़ी हैं। उन्हें यौन उत्पीड़न मामले में बरी करने के दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट के फैसले को महिला पहलवानों ने सेशन कोर्ट में चुनौती दे दी है। बीते 3 अगस्त को राउज एवेन्यू कोर्ट ने बृजभूषण को इन आरोपों से बरी किया था। अब चार महिला पहलवानों ने फैसले के खिलाफ सेशन कोर्ट का रुख किया है, साथ ही सह-आरोपी विनोद तोमर की रिहाई को चुनौती दी है। महिला पहलवानों की अपील पर राउज एवेन्यू कोर्ट शनिवार को सुनवाई कर सकती है। याचिका में दावा किया है कि निचली अदालत का आदेश कानून की दृष्टि में मान्य नहीं है और उसमें सबूतों का गलत व चुनिंदा आकलन हुआ। अपील में आरोप है कि फैसला अनुमान और अटकलों पर आधारित था, जिसमें स्थापित कानूनी सिद्धांतों को सही ढंग से लागू नहीं किया गया। पहलवानों का कहना है कि आदेश में पीड़िता के व्यवहार को लेकर पुरानी रूढ़िवादी सोच को आधार बनाया गया। यह चुनौती बृजभूषण शरण सिंह की राजनीतिक और कानूनी मुश्किलें फिर से बढ़ा सकती है। राउज एवेन्यू कोर्ट से बरी होने के बाद सिंह ने अपने लिए बड़ी राहत बताया था। उन्होंने कहा था कि यह फैसला उन सभी लोगों को बल देगा, जिन पर झूठे आरोप लगाए जाते हैं। उन्होंने यह भी दावा किया था कि इस मामले में ओलंपिक पदक विजेताओं और विपक्षी दलों सहित कई बड़े लोग शामिल थे। बृजभूषण ने हमेशा खुद पर लगे यौन उत्पीड़न के आरोपों को बेबुनियाद बताया है। यह विवाद देश के सबसे चर्चित खेल और कानूनी मामलों में से एक रहा है, जिसकी शुरुआत 2023 में हुई थी, जब कई महिला पहलवानों ने 2016 से 2022 के बीच विभिन्न स्थानों पर यौन उत्पीड़न के आरोप लगाए थे।



अखिलेश का रुख साफ कहा- जो जीत पाएं वो सीटें ले ले कांग्रेस

– कांग्रेस के गढ़ में सपा ने तय कर दी गठबंधन की शर्त

रायबरेली, एजेंसी।
समाजवादी पार्टी (सपा) प्रमुख अखिलेश यादव ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के लोकसभा क्षेत्र रायबरेली से अपने उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव अभियान का जोरदार आगाज किया है। उन्होंने गठबंधन की शर्तों को स्पष्ट करते हुए कहा, गठबंधन भी होगा, गठबंधन के साथ चुनौती भी होगीज हमारे लिए बात सीट की नहीं, जीतने वाली सीट की होगी। जो जीते, वह सीट ले ले। अखिलेश ने दावा किया कि 2024 के लोकसभा चुनावों में उनकी पार्टी ने भाजपा को हराया था और अब 2027 के विधानसभा चुनावों में भाजपा की स्थायी हार सुनिश्चित करने के लिए काम किया जाएगा।
अखिलेश यादव ने कांग्रेस के साथ गठबंधन को लेकर अपनी पार्टी की प्राथमिकता को बिल्कुल स्पष्ट कर दिया है। उन्होंने कहा कि सीटों की संख्या से अधिक महत्वपूर्ण जीतने की संभावना होगी, और जो उम्मीदवार या पार्टी किसी सीट पर जीत हासिल कर सकती है, उस सीट पर उसी का दावा होना चाहिए। 2024 के लोकसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी और कांग्रेस ने उत्तर प्रदेश में मिलकर चुनाव लड़ा था, जिससे दोनों दलों के प्रदर्शन में 2022 के विधानसभा चुनाव की तुलना में काफी सुधार हुआ था, जब वे अलग-अलग लड़े थे। अखिलेश यादव ने अपने संबोधन में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव को भाजपा और समाजवादी पार्टी के पीडीए (पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक) सामाजिक गठजोड़ के बीच मुकाबले के तौर पर पेश किया। उन्होंने 'ए' के दायरे को और व्यापक करने की कोशिश करते हुए इसमें महिलाओं (आधी आबादी) को भी जोड़ने की बात कही। उन्होंने गाजीपुर में विश्वकर्मा परिवार से जुड़े कथित मामले और एक बिंद युवक का भी जिक्र किया, और कहा कि समाजवादी पार्टी विश्वकर्मा, लोध और पासी समेत इन समुदायों के लोगों को न्याय दिलाने के लिए काम करेगी।
सपा अध्यक्ष ने भाजपा की 'बुलडोजर राजनीति' पर भी निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि पीडीए से जुड़े समुदायों को प्रशासनिक कार्रवाई के जरिए चुनिंदा तरीके से निशाना बनाया जा रहा है, जबकि सत्ता से जुड़े समुदायों के साथ अलग व्यवहार किया जाता है। अखिलेश ने कहा कि असमानता के खिलाफ संघर्ष जारी है और पीडीए के मतदाता अब अपनी राजनीतिक ताकत को समझ चुके हैं। उन्होंने यह भी दावा किया कि 'बुलडोजर राजनीति' करने वाले लोग पीडीए आंदोलन से बच नहीं पाएंगे, और इस बार चुनावी फैसला केवल ऐसी राजनीति को हराएगा नहीं, बल्कि उसे खत्म करेगा।



रायबरेली में सपा विधायक श्याम सुंदर भारती ने भी पार्टी के दावे को मजबूती से रखा और रायबरेली को कांग्रेस का गढ़ बताए जाने पर सवाल उठाया। भारती ने कहा कि 2022 के विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी ने जिले की चार सीटें जीती थीं, और दो सीटों पर पार्टी बेहद कम अंतर से हारी थी। उन्होंने दावा किया कि अगर ये सीटें भी सपा के खाते में आतीं तो जिले की सभी छह विधानसभा सीटों पर पार्टी जीत दर्ज करती।

जमुई छेड़छाड़ : माता-पिता ने सीएम से की सख्त कार्रवाई की गुहार

पटना(एजेंसी)। जमुई में छेड़छाड़ की शिकार हुई एक नाबालिग लड़की के माता-पिता ने बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से मुलाकात कर अपनी बेटी को परेशान करने वाले दरिंदों के खिलाफ कठोरतम कार्रवाई की मांग की। मुख्यमंत्री चौधरी ने पीड़ित परिवार को आश्वासन दिया कि उनकी बेटी की सुरक्षा और शिक्षा सुनिश्चित की जाएगी। पीड़िता की मां ने मुख्यमंत्री चौधरी से अपील कर कहा कि अपराधियों को भी उसी डर और तकलीफ का सामना करना चाहिए, जो उन्होंने उनकी मासूम बेटी को दी है। उन्होंने भावुक होकर कहा, मेरी बेटी गिड़गिड़ा रही थी, अब उन दोषियों को भी गिड़गिड़ाना चाहिए। हालांकि, मां ने बिहार सरकार और पुलिस की त्वरित कार्रवाई पर संतोष व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि 24-48 घंटों के भीतर पहले तीन आरोपियों को पकड़ा गया और फिर एक मुठभेड़ के बाद मुख्य आरोपी को दबोच गया। मुख्यमंत्री ने परिवार को भरोसा दिलाया है कि उनकी बेटी उनकी अपनी बेटी जैसी है और उसकी हर संभव मदद की जाएगी।

अभिजीत का दावा- ज्ञानेश ने कई भाजपा नेताओं को हराया

48 घंटे में सीईसी ने इस्तीफा दें नहीं तो आंदोलन होगा-सीजेपी

नई दिल्ली, एजेंसी।
कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) ने मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार से 48 घंटे के भीतर इस्तीफे की मांग की है और ऐसा न होने पर राष्ट्रीय स्तर पर आंदोलन की चेतावनी दी है। गुरुवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में सीजेपी के अभिजीत दीपके ने यह चौंकाने वाला दावा किया कि भारतीय जनता पार्टी के कई नेताओं के हालिया चुनावों में हारने की वजह ज्ञानेश कुमार हैं, हालांकि उन्होंने किसी नेता का नाम नहीं लिया। हाल ही में एक खोजी मीडिया रिपोर्ट के बाद सीईसी विपक्ष के निशाने पर आ गए हैं, जिस पर सीजेपी ने भी अपनी आवाज़ बुलंद की है।
दीपके ने इस सवाल के जवाब में कि क्या विपक्ष को भी इस बार चुनाव से मना कर देना चाहिए, कहा कि अगर फ्री एंड फेयर चुनाव नहीं होता है तो कोई भी चुनाव न लड़े। भाजपा के नेता भी जो हारे इलेक्शंस उनको भी मैं कहना चाहता हूं सर आप भी



हम देश भर में गए थे। वैसे ही हम ज्ञानेश कुमार के खिलाफ भी देश भर में जाएंगे। सीजेपी ने कई प्रमुख मांगें रखी हैं, जिनमें मुख्य चुनाव आयुक्त का इस्तीफा, एसआईआर प्रक्रिया की पूरी स्वतंत्र जांच, एसआईआर को रोकना और पहले की मतदाता सूची को बहाल करना शामिल है। इसके अलावा, सभी संबंधित एसआईआर रिकॉर्ड और फाइलों को उच्चतम न्यायालय या स्वतंत्र न्यायिक निगरानी वाली जांच को सौंपना, मुख्य निर्वाचन आयुक्त और निर्वाचन आयुक्तों की नियुक्ति प्रक्रिया में सुधार और उन अधिकारियों की पहचान करना भी शामिल है, जिन्होंने विवादित बदलावों और निर्देशों को मंजूरी दी थी। दीपके ने चुनाव से छेड़छाड़ और वोट की चोरी को सबसे बड़ा मुद्दा बताया। उन्होंने कहा कि लोगों में गुस्सा पहले ही बहुत है। अच्छा होगा अगर ज्ञानेश कुमार 48 घंटों के अंदर इस्तीफा दे दें, नहीं तो ज्ञानेश कुमार के खिलाफ पूरे देश में आंदोलन होगा।

प्रियंका गांधी का तीखा वार : चुनावी धांधली से आया है उनका ओवरकॉन्फिडेंस

वायनाड, एजेंसी।
चुनाव आयोग में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर मतभेद की मीडिया रिपोर्टों के बाद सियासी गर्मागर्मी के बीच, कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने भारतीय जनता पार्टी पर तीखा हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा चुनावों में धांधली करके अति आत्मविश्वासी हो गई है।
प्रियंका गांधी वाड्रा ने भाजपा के तर्क को घटिया बहाना बताया कि कांग्रेस चुनाव नहीं जीत पाती, तब चुनाव की वैधता पर सवाल उठाती है। उन्होंने कहा, यह बहुत ही पुरानी और कमजोर कहानी है। तथ्य और सबूत पूरे देश के सामने हैं, जैसा कि मेरे भाई राहुल गांधी ने कई




प्रेसवार्ता में दिखाया है। यह बिल्कुल साफ है कि 13 करोड़ वोटरों के नाम हटाए गए हैं। प्रियंका ने चेतावनी दी कि यदि भाजपा चुनावों में गड़बड़ी कर रही है और चुनाव आयोग से यह काम करा रही है, तब यह देशद्रोह का काम है और उन्हें इसकी जिम्मेदारी लेनी चाहिए। कांग्रेस नेता ने भाजपा पर चुनावों में धांधली कर ओवरकॉन्फिडेंट होने का आरोप दोहराया। उन्होंने भाजपा पर सवाल उठाकर कहा कि यदि वे ऐसा कर रहे हैं, तब वे इस स्वीकार क्यों नहीं करते? वे किस बात से डरते हैं? उन्होंने कहा कि वर्षों से चुनावों में हो रही कथित धांधली ही उनके हर समय के ओवरकॉन्फिडेंस का स्वाभाविक कारण है।
यह हमला नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के बयान के बाद आया है, जिसमें उन्होंने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और भाजपा नेतृत्व वाली केंद्र सरकार पर तीखा वार किया था। राहुल ने ज्ञानेश कुमार से इस्तीफा देकर वोट चोरी के मामले में सरकारी गवाह बनने की बात कही थी और उनके कृत्यों को देशद्रोह के समान बताया था।

भारत न केवल अपनी जरूरतों बल्कि दुनिया के लिए भी तैयार कर रहा उत्पाद

-पीयूष गोयल ने कहा- 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' सुधारों ने नियमों को सरल बनाया

नई दिल्ली,, एजेंसी।
'मेक इन इंडिया' की 12वीं वर्षगांठ के अवसर पर केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शुक्रवार को कहा कि भारत न केवल अपनी जरूरतों के लिए विनिर्माण कर रहा है, बल्कि दुनिया के लिए भी उत्पाद तैयार कर रहा है। उन्होंने कहा कि यह पहल इस सरल विश्वास पर आधारित एक दृष्टिकोण है कि भारत दुनिया के लिए विनिर्माण कर सकता है। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ एक उपलब्धि नहीं है। यह हमें याद दिलाती है कि जब कोई देश अपनी क्षमताओं पर विश्वास करता है और सरकार निरंतर सुधारों और ठोस कदमों के जरिए उस विश्वास को मजबूती देती है, तो क्या कुछ हासिल किया जा सकता है।
गोयल ने एक्स पर पोस्ट में कहा कि 2014 को पीछे मुड़कर देखें तो भारत की विनिर्माण क्षमता को लेकर होने वाली बहसें याद आ सकती हैं। उस समय भारत में इस्तेमाल होने वाले कई उत्पाद आयात किए जाते थे। पीएम मोदी ने इसे हमारी नियति मानने से इनकार कर दिया। प्रधानमंत्री ने ऐसे भारत की कल्पना की थी, जहां दुनिया भर में इस्तेमाल होने वाले उत्पाद गर्व से 'मेड इन इंडिया' का टैग लगाएंगे और अपनी गुणवत्ता के लिए पहचाने जाएंगे।
उन्होंने कहा कि 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' सुधारों ने नियमों को सरल बनाया है और अनुपालन का बोझ कम किया है। वहीं, प्रमुख क्षेत्रों में किए गए सुधारों ने निवेश और विनिर्माण के लिए नए अवसर पैदा किए हैं। पीएलआई योजनाओं ने इसमें और गति दी है। 31 मार्च 2026 तक इन योजनाओं के तहत 2.40 लाख करोड़ रुपए का वास्तविक निवेश हुआ, 23.8 लाख करोड़ रुपए का उत्पादन/बिक्री दर्ज की गई और 15.2 लाख करोड़ रुपए का निर्यात हुआ। साथ ही, 14.6 लाख से अधिक प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार पैदा हुए।
केंद्रीय मंत्री ने कहा कि यह उस आत्मविश्वास की कहानी है, जो इस पहल ने पैदा किया है। हमारे स्टार्टअप संस्थापकों, उद्यमियों, निर्माताओं, नवोन्मेषकों, निर्यातकों और सबसे महत्वपूर्ण रूप से हमारे लोगों में यह विश्वास पैदा हुआ है कि भारत बना सकता है, भारत नवाचार कर सकता है और भारत दुनिया से प्रतिस्पर्धा कर सकता है।' गोयल ने जोर देकर कहा कि मेक इन इंडिया की यात्रा जारी है और अब इसका लक्ष्य और भी बड़ा है जिसमें भारत को वैश्विक विनिर्माण महाशक्ति बनाना शामिल है, जो 2047 तक विकसित भारत के हमारे विजन को भी मजबूत करेगा।



निजी अस्पताल पर परिवहन विभाग की कार्रवाई, 4 प्राइवेट एंबुलेंस सीज

अमरोहा (सब का सपना):- जनपद अमरोहा में जोया रोड स्थित जिला संयुक्त चिकित्सालय परिसर पर परिवहन विभाग ने प्राइवेट एंबुलेंस संचालकों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी मनोज मिश्रा के नेतृत्व में विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर प्राइवेट एंबुलेंसों की जांच की। जांच के दौरान कई अनियमितताएं पाई गईं, जिसके बाद चार प्राइवेट एंबुलेंस को सीज कर लिया गया। मनोज मिश्रा ने बताया कि पिछले काफी लंबे समय से प्राइवेट एंबुलेंसों के खिलाफ स्थानीय



लोगों और मरीजों के परिजनों से शिकायतें आ रही थीं। इन शिकायतों में वाहनों के मानकों का पालन न करने, जरूरी दस्तावेज अधूरे रखने और सेवाओं में लापरवाही की बात कही जा रही थी। इन शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए परिवहन विभाग ने संयुक्त चिकित्सालय परिसर में छापेमारी कर कार्रवाई शुरू की। इस अवसर पर एसीएमओ सहित परिवहन विभाग के अन्य कर्मचारी भी मौजूद रहे।

उन्होंने सभी एंबुलेंसों की बारीकी से जांच की और पाई गई कमियों के आधार पर चार वाहनों को जब्त कर लिया। मनोज मिश्रा ने वाहन चालकों और संचालकों को संबोधित करते हुए सख्त संदेश दिया कि वे अपने वाहनों के सभी मानक पूरे करके ही सड़क पर उतारें। उन्होंने चेतावनी दी कि नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों के खिलाफ आगे भी कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी।

रहरा पुलिस ने लोहे की रॉड से हमला करने वाला वांछित अभियुक्त किया गिरफ्तार

रहरा/अमरोहा (सब का सपना):- थाना रहरा पुलिस ने जानलेवा हमले के मामले में वांछित चल रहे अभियुक्त को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त लोहे की रॉड भी बरामद की है। बता दें कि 17 सितंबर को ग्राम खुरतिया निवासी देवेन्द्र पुत्र राजवीर ने थाने में तहरीर दी थी। पीड़ित का आरोप था कि शरद पुत्र रामफूल सहित 4 नामजद व 2 अज्ञात लोगों ने उसके साथ गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडे व लोहे की रॉड से मारपीट की



और जान से मारने की धमकी दी। इस मामले में थाना रहरा पर मु0अ0सं0 230/2026 धारा 352/115(2)/351(3) इठर के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। विवेचना के दौरान मुकदमे में धारा 109(1)/191(2)/191(3)/117(2) BNS की बढ़ोत्तरी की गई। पुलिस अधीक्षक अमरोहा के निर्देशन में अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना रहरा पुलिस ने शुक्रवार को मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त शरद पुत्र रामफूल निवासी जेवड़ा थाना रहरा को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने नियमानुसार विधिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया।

पुरानी रंजिश में हमला, लाठी-डंडों से पीटकर किया लहुलुहान, महिला समेत कई घायल

धनौरा/अमरोहा (सब का सपना):- जनपद के मंडी धनौरा क्षेत्र में पुरानी रंजिश के चलते दबंगों द्वारा एक परिवार पर जानलेवा हमला करने का मामला सामने आया है जिसमें दबंग लोगों ने परिवार के लोगों को लाठी डंडों एवं धारदार हथियारों से हमला कर बुरी तरह से लहू लहान कर दिया।इस हमले में महिला समेत परिवार के कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिनको सूचना पर पहुंची पुलिस ने नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया है। पुलिस का कहना है कि मामले में मेडिकल रिपोर्ट आने के बाद ही आगे की कार्यवाही की जाएगी। बता दें कि पूरा मामला थाना मंडी धनौरा के मोहल्ला कंचन बाजार का है जहां कुछ दबंगों ने पुरानी रंजिश के चलते एक परिवार के कई लोगों पर लाठी-डंडों और



धारदार हथियारों से हमला किया गया। इस हमले में महिलाओं समेत कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को इलाज के लिए स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में भर्ती कराया। प्राप्त जानकारी के मुताबिक कंचन बाजार निवासी राहुल पुत्र राजू ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 24 सितंबर 2026 की रात करीब 8:30 बजे उनका भाई कल्लू घर से दूध लेने गली में निकला था। आरोप है कि गली में पहले से ही घात लगाकर बैठे शेखर पुत्र फिदना, जसविंदर पुत्र सागर, अंकित पुत्र शेखर और गोलू पुत्र शेखर ने उसे घेर लिया। बदमाशों ने गाली-गलौज कर कल्लू पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया।कल्लू की चीखने-चिल्लाने की आवाज सुनकर उसकी मां सुशीला पत्नी राजू, चचेरे भाई सुमित (पुत्र मिंटू), अरुण, चमन और बीजा बीच-बचाव करने पहुंचे। आरोपियों ने उन पर भी हथियारों से हमला कर दिया। इस हमले में परिवार के सदस्यों को गंभीर चोटें आईं।आसपास के लोगों को आता देख आरोपी जान से मारने की धमकी देकर वहां से भाग गए। थाना प्रभारी मंडी धनौरा सत्येंद्र सरोहा ने बताया कि घायलों का मेडिकल जांच कराई गई है। सीएचसी मंडी धनौरा से सभी घायलों को प्राथमिक इलाज के बाद डॉक्टरों ने गंभीर हालत देखकर जिला अस्पताल अमरोहा रेफर कर दिया है।पुलिस का कहना है कि मेडिकल रिपोर्ट मिलने के बाद संबंधित धाराओं में एफआईआर दर्ज कर आरोपियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

सरस्वती शिशु मंदिर में गूंजा संपूर्ण 'वंदे मातरम', देशभक्ति से सराबोर हुआ परिसर

हसनपुर/अमरोहा (सब का सपना):- द्वि किसान सहकारी चीनी मिल, कालाखेड़ा परिसर में स्थित विद्या भारती द्वारा संचालित सरस्वती शिशु मंदिर में शुक्रवार को 'वंदे मातरम' के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में संपूर्ण वंदे मातरम गायन कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि दि किसान सहकारी चीनी मिल के प्रधान प्रबंधक धीरेन्द्र सिंह एवं विशिष्ट अतिथि कृष्ण कुमार शर्मा ने माँ भारती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया। अध्यक्षता कार्यालय अधीक्षक सुरेश कुमार



त्यागी एवं महिपाल सिंह चौहान ने की। इस दौरान विद्यालय के प्रधानाचार्य महेन्द्र सिंह मौजूद रहे। मुख्य अतिथि धीरेन्द्र सिंह ने कहा कि बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय द्वारा रचित वंदे मातरम ने स्वतंत्रता संग्राम में देशवासियों में जोश भरने का काम किया। स्वतंत्रता सेनानी इसे गाते हुए हंसते-हंसते फांसी पर झूल गए। राष्ट्र सेवी संगठन संयोजक कृष्ण कुमार शर्मा ने कहा कि शिक्षा के साथ अनुशासित और अच्छा नागरिक बनना जरूरी है। नैतिक मूल्य ही सशक्त राष्ट्र की नींव हैं। उन्होंने कहा कि सरस्वती शिशु मंदिर राष्ट्रीय भाव और सांस्कृतिक परंपराओं को संजोए लघु भारत का स्वरूप है। इसके बाद छात्र-छात्राओं, आचार्य बंधुओं, अभिभावकों और अतिथियों ने एक स्वर में संपूर्ण वंदे मातरम का भावपूर्ण गायन किया। अंत में प्रधानाचार्य ने आभार व्यक्त किया। इस मौके पर चंद्रशेखर शर्मा, तरुणा चौधरी, माधुरी शर्मा, संजय सिंह आदि मौजूद रहे।

धनौरा क्षेत्र में खेत में छिड़काव के दौरान बिगड़ी किसान की हालत, इलाज के दौरान मौत



धनौरा/अमरोहा (सब का सपना):- जनपद के मंडी धनौरा क्षेत्र में खेत में कीटनाशक दवाई के छिड़काव के दौरान एक किसान की हालत बिगड़ गई इसके बाद किसान के परिजनों ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। किसान की मौत से परिवार में कोहराम मच गया एवं गांव में भी मातम छा गया। बता दें कि पूरा मामला मंडी धनौरा के जेथल मुस्तकम गांव का है जहां खेत में कीटनाशक दवा का छिड़काव करते समय एक किसान जहरीले असर से बेहोश हो गया। परिजनों ने तुरंत उसे अस्पताल में भर्ती कराया, जहां से गंभीर हालत के कारण मेरठ रेफर कर दिया गया। शुक्रवार तड़के इलाज के दौरान किसान ने दम तोड़ दिया। किसान की मौत की खबर से परिवार और पूरे गांव में दुख का माहौल छा गया।जानकारी के मुताबिक, जेथल मुस्तकम निवासी गजेंद्र जाटव (50) बुधवार को अपने खेत में फसल पर कीटनाशक दवा का छिड़काव करने गए थे। छिड़काव के दौरान अचानक दवा के जहरीले असर से उनकी तबीयत बिगड़ गई और वे खेत में ही बेहोश होकर गिर पड़े। काफी देर तक घर न लौटने पर



जब परिजन खेत पर पहुंचे, तो उन्हें बेहोश पड़ा मिला।परिजन तुरंत उन्हें इलाज के लिए अमरोहा के जिला अस्पताल ले गए। शुरूआती इलाज के बाद भी हालत में सुधार न होने पर डॉक्टरों ने उन्हें मेरठ के जिला अस्पताल रेफर कर दिया। मेरठ के मेडिकल कॉलेज अस्पताल में इलाज के दौरान शुक्रवार (25 सितंबर) तड़के करीब 3 से 4 बजे के बीच गजेंद्र ने दम तोड़ दिया।घटना के बाद परिजन गजेंद्र के शव को मेरठ से जेथल मुस्तकम स्थित अपने घर ले आए। मृतक किसान अपने पीछे तीन बच्चों को छोड़ गए हैं, जिनमें एक शादीशुदा बेटा और दो अविवाहित बेटियां शामिल हैं।घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। शेरपुर चौकी प्रभारी राजकिशोर सिंह ने बताया कि शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत की सही वजह पता चल सकेगी। इस हादसे से परिवार का बुरा हाल है। घटना की सूचना पर मंडी धनौरा थाना प्रभारी सतेंद्र सरोहा और एएसआई सतीश कुमार भी मौके पर पहुंचे।

योगी सरकार में संवर रहा दिव्यांगजनों का भविष्य: - 265 लाभार्थियों को बांटे सहायक उपकरण





अमरोहा (सब का सपना):- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के 'सबका साथ, सबका विकास' और अंतिम व्यक्ति तक कल्याणकारी योजनाओं की सीधी पहुंच के संकल्प को अमलीजामा पहनाते हुए शुक्रवार को झम्मन लाल डिग्री कॉलेज के प्रांगण में वृहद उपकरण वितरण समारोह संपन्न हुआ। दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग की 'कृत्रिम अंग/सहायक उपकरण योजना' के तहत आयोजित इस भव्य कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक हसनपुर महेंद्र सिंह खड़गवंशी और जनप्रतिनिधियों ने कुल 265 दिव्यांगजनों को उनकी जरूरत के अनुसार आधुनिक सहायक उपकरण एवं छात्रवृत्ति और शादी अनुदान के स्वीकृति पत्र वितरित किए। इसके साथ ही योगी सरकार की सामाजिक सुरक्षा नीतियों के तहत पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा 5 लाभार्थियों को शादी अनुदान और 10 विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति के स्वीकृति पत्र प्रदान किए गए। समारोह को संबोधित करते हुए विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने दिव्यांगजनों को केवल मदद नहीं, बल्कि उनके आत्मसम्मान और स्वावलंबन का मार्ग प्रशस्त किया है। उन्होंने कहा कि सरकार दिव्यांग भाइयों-बहनों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ काम कर रही है। पारदर्शी व्यवस्था के चलते हर साल कैंप आयोजित कर वास्तविक पात्रों की पहचान की जा रही है, जिससे योजनाओं का लाभ बिचौलियों के बिना सीधे जरूरतमंदों की चौखट तक पहुंच रहा है। कार्यक्रम के दौरान गतिबाधित लाभार्थियों को समाज में सक्रिय भागीदारी निभाने के लिए 178 ट्राईसाइकिल, 44 व्हीलचेयर और 25 बैसाखियां भेंट की गईं। इसके अतिरिक्त, श्रवण दिव्यांगता से प्रभावित 3 लाभार्थियों को डिजिटल हियरिंग मशीन (कान की मशीन) तथा दृष्टिबाधित 15 दिव्यांगजनों को राह आसान बनाने के लिए आधुनिक स्मार्ट केन सौंपी गई। निशुल्क और गुणवत्तापूर्ण उपकरण पाकर लाभार्थियों और उनके परिजनों ने योगी सरकार की इस संवेदनशील पहल की सराहना की। डबल इंजन सरकार की मंशा के अनुरूप समाज के कमजोर वर्गों को सशक्त बनाने के क्रम में पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की शादी अनुदान योजना से 5 गरीब परिवारों को अपनी बेटियों के विवाह के लिए स्वीकृति पत्र दिए गए। वहीं, 10 मेधावी छात्र-छात्राओं को उच्च शिक्षा की राह में आर्थिक तंगी आड़े न आने देने के लिए छात्रावृत्ति स्वीकृति पत्र वितरित किए गए। विधायक ने कहा कि शिक्षा और सामाजिक सुरक्षा के इन कदमों से समाज के वंचित तबके का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित हो रहा है।

विधायक खड़गवंशी ने जनता से अपील करते हुए कहा कि यदि क्षेत्र का कोई भी दिव्यांगजन अभी तक इस योजना के लाभ से वंचित रह गया है, तो वह बिना किसी संकोच के विभागीय पोर्टल पर ऑनलाइन पंजीकरण कराएं। योगी सरकार का स्पष्ट निर्देश है कि पात्रता के दायरे में आने वाले किसी भी व्यक्ति को उपकरणों और सरकारी सहायता से वंचित नहीं रखा जाएगा। जांच प्रक्रिया पूरी होते ही शेष बचे सभी पात्रों को भी नियमबद्ध तरीके से सामग्री उपलब्ध कराई जाएगी।

इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष उदयगिरि गोस्वामी, ब्लॉक प्रमुख हसनपुर ममता गुर्जर, प्रधान संघ अध्यक्ष यशपाल खड़गवंशी, भाजपा नेता विक्रम, उपाध्यक्ष मयंक सहित कई जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। प्रशासनिक व्यवस्थाओं के तहत जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी शिखा शर्मा, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी अमरोहा, हसनपुर व गंगेश्वरी के खंड विकास अधिकारी (बीडीओ), दोनों ब्लॉकों के सहायक विकास अधिकारी (समाज कल्याण) और डिग्री कॉलेज का स्टाफ मौजूद रहा। अंत में अधिकारियों ने सभी दिव्यांगजनों व उनके परिजनों का सम्मान करते हुए कार्यक्रम का समापन किया।

स्वच्छता ही सेवा 2026 के अंतर्गत गजरौला में 157 घंटे का अखंड महासफाई अभियान






गजरौला/अमरोहा (सब का सपना):- जनपद की गजरौला नगर पालिका परिषद द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के उपलक्ष्य में नगर पालिका परिषद गजरौला द्वारा शुक्रवार से "स्वच्छता ही सेवा 2026" पखवाड़े के अंतर्गत संपूर्ण नगर क्षेत्र में एक विशेष "157 घंटे सतत महासफाई अभियान" का आधिकारिक शुभारंभ किया गया है। यह अखंड महाअभियान 25 सितम्बर से निरंतर संचालित होकर आगामी 02 अक्टूबर 2026 तक बिना रुके चलेगा। पालिका प्रशासन का मुख्य संकल्प गजरौला को अमरोहा जिले का सबसे स्वच्छ, सुंदर और पर्यावरण-अनुकूल नगर बनाना है। अभियान के तहत नगर के सभी 25 वार्डों, मुख्य मार्गों, नालों की गहरी सफाई और सार्वजनिक चौराहों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। बता दें कि इस दौरान पालिका अध्यक्षा राजेंद्री उर्फ उमा देवी ने कहा कि नगर का सर्वांगीण विकास और स्वच्छता हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। यह '157 घंटे का सतत महासफाई अभियान' केवल एक प्रशासनिक पहल नहीं, बल्कि नगर के प्रत्येक नागरिक के स्वास्थ्य, गौरव और सम्मान से जुड़ा एक सामाजिक आंदोलन है। मैं समस्त गजरौला वासियों से विनम्र अपील करती हूँ कि वे सार्वजनिक स्थानों पर कचरा न फैलाएं और इस महाअभियान में अपनी सक्रिय भागीदारी दें।"अधिशासी अधिकारी ललित कुमार आर्य ने बताया कि 157 घंटे के इस अखंड अभियान को सुचारू रूप से लागू करने के लिए पालिका के समस्त सफाई सैनिको, सफाई नायक और अधिकारियों की तैनाती रहेगी। जेसीबी, डंपर और मशीनों की मदद से प्रमुख मार्गों की सफाई की जा रही है।कार्य में लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों और प्रतिबंधित प्लास्टिक का प्रयोग करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।"पूर्व विधायक एवं नगर स्वच्छता प्रेरक हरपाल सिंह ने कहा कि "स्वच्छता हमारी रोजमर्रा की जीवनशैली का अभिन्न अंग होनी चाहिए।राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी ने सदैव स्वच्छता कोवोंच्च स्थान दिया। जब पूरा गजरौला एक साथ सामूहिक जिम्मेदारी के भाव से स्वच्छता के पथ पर अग्रसर होगा, तभी हम 'स्वच्छ, स्वस्थ एवं विकसित गजरौला' की परिकल्पना को धरातल पर साकार कर पाएंगे।खाद्य एवं सफाई निरीक्षक नेपाल सिंह ने अभियान के दौरान खाद्य सुरक्षा एवं सफाई निरीक्षण शाखा द्वारा नगर के सभी होटलों, रेस्तरां और ठेले-रेहड़ी विक्रेताओं की सघन जांच की जा रही है। खुले में गंदगी फैलाने और सिंगल-यूज प्लास्टिक का प्रयोग करने वालों पर चालानी कार्रवाई की जा रही है। इसके साथ ही डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण, फॉगिंग और एंटी-लार्वा छिड़काव पर निरंतर निगरानी रखी जा रही है। इस अवसर पर पालिका अध्यक्ष राजेंद्री उर्फ उमा देवी, पूर्व विधायक एवं नगर स्वच्छता प्रेरक हरपाल सिंह ,अधिशासी अधिकारी ललित कुमार आर्य, खाद्य एवं सफाई निरीक्षक नेपाल सिंह, कम्प्यूटर ऑपरेटर दीपू कुमार, सफाई नायक जयचंद, सफाई नायक महेश, सफाई नायक मुनेश, सुशील सैनी,दीपक कुमार, योगेश चौधरी सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

स्वच्छता ही सेवा 2026 के अंतर्गत स्वच्छ पाठशाला, युवा फॉर स्वच्छता कार्यक्रम

अमरोहा (सब का सपना):- नगर पालिका परिषद एवं आईटीसी मिशन सुनहरा कल के संयुक्त तत्वावधान में स्वच्छता ही सेवा 2026 अभियान के अंतर्गत वार्ड संख्या 25, कटकुई स्थित शर्मा देवी कन्या इंटर कॉलेज अमरोहा, में स्वच्छ पाठशाला: युवा फॉर स्वच्छता कार्यक्रम* आयोजित किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों एवं युवाओं को स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण एवं कचरा प्रबंधन के प्रति जागरूक करना रहा। कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं को व्यक्तिगत स्वच्छता, विद्यालय परिसर की साफ-सफाई, गीले एवं सूखे कचरे के पृथक्करण तथा सिंगल यूज प्लास्टिक के दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर आईटीसी



मिशन सुनहरा कल के कॉर्डिनेटर यशपाल सिंह द्वारा छात्र-छात्राओं को कचरा पृथक्करण, कचरा प्रबंधन नियम 2026, RRR (Reduce, Reuse, Recycle), प्रकृति एवं पर्यावरण संरक्षण तथा स्वच्छ एवं स्वस्थ जीवनशैली के महत्व के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। विद्यार्थियों को बताया गया कि गीले और सूखे कचरे को अलग-अलग रखना, कचरे का उचित निस्तारण करना तथा पुनः उपयोग योग्य वस्तुओं का उपयोग करना पर्यावरण संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं। साथ ही बच्चों को अपने घर, विद्यालय एवं आसपास के क्षेत्रों में स्वच्छता बनाए रखने तथा समाज में जागरूकता फैलाने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में युवाओं की सक्रिय भागीदारी पर विशेष जोर देते हुए उन्हें स्वच्छता दूत के रूप में कार्य करने तथा स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जनजागरूकता फैलाने का संदेश दिया गया। और कार्यक्रम के अंत में स्वच्छता की शपथ भी दिलाई गई। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य चारु शर्मा, आलोक बिश्नोई,शिक्षक-शिक्षिकाएं, आईटीसी मिशन सुनहरा कल के कॉर्डिनेटर यशपाल सिंह, सफाई नायक निर्लेश कुमार सहित विद्यालय के समस्त छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों में स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता विकसित हुई तथा स्वच्छता ही सेवा 2026 अभियान को जनभागीदारी के माध्यम से सफल बनाने का संदेश दिया गया।

कार्यालय ग्राम पंचायत गुलामपुर
विकासखंड गंगेश्वरी, जनपद अमरोहा

पत्रांक: मीमो/ग्रा0पं0सामग्री आपूर्ति/विकास कार्य/निविदा/कुटेशन/2026 दिनांक: 25.09.2026

अल्पकालीन निविदा/कुटेशन सूचना

समस्त अधिकृत फर्मो, पंजीकृत विक्रेताओ को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत गुलामपुर विकासखंड गंगेश्वरी, जनपद अमरोहा में वित्तीय वर्ष 2026-27 के अनुसार छठा राज्य वित्त, 16 वां वित्त मनरेगा, स्वच्छ भारत मिशन (ग्रा0) ओ0डी0एफ0 प्लस, आर0जी0एस0ए0, पंचायत पुरस्कार से प्राप्त धनराशि, बहुउद्देशीय पंचायत घर योजना अन्य मद से निर्माण हेतु प्राप्त धनराशि एवं अन्य मदो के अन्तर्गत निर्माण कार्य कराये जाने हेतु प्राप्त धनराशि से निर्धारित मानक/गुणवत्ता के अनुसार उच्च कोटि की सामग्री निर्माण कार्य स्थल पर आपूर्ति करने हेतु मोहर बन्द सीलबन्द निविदाये/कुटेशन आमन्त्रित की जाती है। इच्छुक फर्म/आपूर्तिकर्ता दिनांक 25.09.2026 से 31.09.2026 तक कार्यालय दिवस में समय 10 बजे से लेकर दोपहर 12 बजे तक अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय ग्राम पंचायत पर रखे बाक्स में सीलबन्द निविदा/कुटेशन सहित जमा कर सकते है जोकि दिनांक 31.09.2026 को ग्राम पंचायत की कमेटी के समक्ष सम्बन्धित ग्राम पंचायत के क्लस्टर मुख्यालय पर खोली जायेगी। स्वीकृत निविदा/कुटेशन के अनुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत में उपलब्ध धनराशि के आधार पर ग्राम पंचायत के लिखित आदेश पर की जायेगी जोकि ग्राम पंचायत को समय-समय प्राप्त आवंटित पर होगी। आवश्यकतानुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत (प्रशासक एवं सचिव) के लिखित आदेश पर की जायेगी। सामग्री की मात्रा आवश्यकतानुसार घटाई या बढ़ाई जा सकती है। सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत की परिधि में स्वीकृत दर पर निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी। सामग्री की आपूर्ति का भुगतान अधोहस्ताक्षरी की स्वीकृति के उपरान्त ही किया जायेगा। आपूर्तिकर्ता का जी0एस0टी0 पंजीकरण सम्बन्धित विभाग में होना अनिवार्य है। प्रस्तुत दरे पी0डब्लू0डी0 की दरो के अनुरूप पी0डब्लू0डी0 के रेट ऑफ शेड्यूल के अनुसार होगी। सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के आदेशानुसार निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत की जानी अनिवार्य है। सामग्री की गुणवत्ता निर्धारित मानक के अनुरूप नही पाये जाने की स्थिति में भुगतान की धनराशि में से नियमानुसार कटौती कर ली जायेगी। निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत को होगा।

क्र०सं०	सामग्री का नाम	यूनिट/मात्रा	दर
1	सीमेन्ट	प्रति बैग/टन	
2	बालू रेत	घन मी०	
3	बजरफुट	घन मी०	
4	20 एम०एम० बजरी	घन मी०	
5	40 एम०एम० ईंट रोड़ी	घन मी०	
6	ईंट प्रथम श्रेणी एम०-150	प्रति नग/हजार	
7	ईंट बालवार एम-275	प्रति नग/हजार	
8	इंटरलाक टाईल्स 80 एम०एम०	प्रति नग/हजार	
9	इंटरलाक टाईल्स 60 एम०एम०	प्रति नग/हजार	
10	पंचायत भवन के ऑफिस इक्युपमेंट / पंचायत घर मरम्मत	प्रति नग/यूनिट	
11	पुस्तकालय इक्युपमेंट/मरम्मत	प्रति नग/यूनिट	
12	दीवार टाईल्स	वर्ग मीटर	
13	फर्श टाईल्स	वर्ग मीटर	
14	सरिया	प्रति कुन्तल	
15	लोहे की एंगल/पाईप	प्रति कुन्तल	
16	लोहे का जाल	प्रति कुन्तल	
17	सीमेन्ट की चादर/टीन शेड की चादर	वर्ग मीटर/नग	
18	मिट्टी दूरी सहित	घन मी०	
19	लकड़ी के दरवाजे /कर्मर्शियल/टिम्बर/प्लाई	प्रति नग	
20	सोलर लाईट नया/मरम्मत उपकरण	प्रति नग	
21	स्ट्रीट लाईट नया/मरम्मत उपकरण	प्रति नग	
22	ई-रिक्शा	प्रति नग	
23	सेनेटरी सामग्री	प्रति नग/वर्गमी०	
24	बिजली उपकरण	प्रति नग	
25	लोहे का फेंसिंग तार	प्रति वर्ग मी०	
26	फोगिंग मशीन/स्प्रे मशीन	प्रति नग	
27	सी०सी० डेस्क बेंच	प्रति नग	
28	डस्टबीन/सामुदायिक शौचालय मरम्मत	प्रति नग	
29	कूडा गाडी/ठेली एवं सफाई किट	प्रति नग	
30	सोडियम, हाईक्लोराईड, ब्लीचिंग पाउडर व अन्य कीटनाशक व संक्रामक रोधक दवाएं	प्रति किलो/पैकेट	
31	प्राईमर लोहा लकड़ी	प्रति ली०	
32	डिस्टैम्पर वाल पुट्टी, पेंट समोसम आदि	प्रति किलो	
33	पी०वी०सी० पाईप एवं जी०आई० पाईप हैण्डपम्प मरम्मत सामग्री	प्रति रनिंग मीटर	
34	हैण्डपम्प मरम्मत सामग्री	प्रति रनिंग मीटर	
35	हैण्डपम्प रिबोर सामग्री	प्रति रनिंग मीटर	
36	प्लाई एवं माईका	प्रति वर्ग फुट	
37	आर०सी०सी० पाईप/ह्यूमपाईप	प्रति रनिंग मीटर	
38	वाटर कूलर आर०ओ० सहित	प्रति नग	
39	रनिंग वाटर सप्लाई उपकरण	प्रति फुट	
40	इन्सीनेटर	प्रति नग	
41	प्लम्बिंग सामग्री	प्रति नग	
42	ओपन जिम खेल मैदान उपकरण/बारात घर निर्माण मरम्मत	प्रति नग	
43	इलेक्ट्रिशियन कार्य सामग्री	प्रति नग	
44	लोहे का गेट व खिड़की	प्रति नग	

नोट-01-यदि किसी फर्म/सप्लायर आपूर्तिकर्ता के लिये कोई भी नया विभागीय नियम प्रचलन में आता है तो सम्बन्धित को उसकी भी कार्यवाही के मानको को अनिवार्य रूप से पूर्ण करना होगा।
02- समान दरे होने पर ग्राम पंचायत एक से अधिक फर्मो को सामग्री आपूर्ति के लिये अधिकृत कर सकती है।

ग्राम प्रशासक, ग्राम पंचायत गुलामपुर
विकासखंड गंगेश्वरी, जनपद अमरोहा

सचिव, गुलामपुर
विकासखंड गंगेश्वरी, जनपद अमरोहा

कार्यालय ग्राम पंचायत पिपलौती कला
विकासखंड गंगेश्वरी, जनपद अमरोहा

पत्रांक: मीमो/ग्रा0पं0सामग्री आपूर्ति/विकास कार्य/निविदा/कुटेशन/2026 दिनांक: 25.09.2026

अल्पकालीन निविदा/कुटेशन सूचना

समस्त अधिकृत फर्मो, पंजीकृत विक्रेताओ को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत पिपलौती कला विकासखंड गंगेश्वरी, जनपद अमरोहा में वित्तीय वर्ष 2026-27 के अनुसार छठा राज्य वित्त, 16 वां वित्त मनरेगा, स्वच्छ भारत मिशन (ग्रा0) ओ0डी0एफ0 प्लस, आर0जी0एस0ए0, पंचायत पुरस्कार से प्राप्त धनराशि, बहुउद्देशीय पंचायत घर योजना अन्य मद से निर्माण हेतु प्राप्त धनराशि एवं अन्य मदो के अन्तर्गत निर्माण कार्य कराये जाने हेतु प्राप्त धनराशि से निर्धारित मानक/गुणवत्ता के अनुसार उच्च कोटि की सामग्री निर्माण कार्य स्थल पर आपूर्ति करने हेतु मोहर बन्द सीलबन्द निविदाये/कुटेशन आमन्त्रित की जाती है। इच्छुक फर्म/आपूर्तिकर्ता दिनांक 25.09.2026 से 31.09.2026 तक कार्यालय दिवस में समय 10 बजे से लेकर दोपहर 12 बजे तक अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय ग्राम पंचायत पर रखे बाक्स में सीलबन्द निविदा/कुटेशन सहित जमा कर सकते है जोकि दिनांक 31.09.2026 को ग्राम पंचायत की कमेटी के समक्ष सम्बन्धित ग्राम पंचायत के क्लस्टर मुख्यालय पर खोली जायेगी। स्वीकृत निविदा/कुटेशन के अनुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत में उपलब्ध धनराशि के आधार पर ग्राम पंचायत के लिखित आदेश पर की जायेगी जोकि ग्राम पंचायत को समय-समय प्राप्त आवंटित पर होगी। आवश्यकतानुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत (प्रशासक एवं सचिव) के लिखित आदेश पर की जायेगी। सामग्री की मात्रा आवश्यकतानुसार घटाई या बढ़ाई जा सकती है। सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत की परिधि में स्वीकृत दर पर निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी। सामग्री की आपूर्ति का भुगतान अधोहस्ताक्षरी की स्वीकृति के उपरान्त ही किया जायेगा। आपूर्तिकर्ता का जी0एस0टी0 पंजीकरण सम्बन्धित विभाग में होना अनिवार्य है। प्रस्तुत दरे पी0डब्लू0डी0 की दरो के अनुरूप पी0डब्लू0डी0 के रेट ऑफ शेड्यूल के अनुसार होगी। सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के आदेशानुसार निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत की जानी अनिवार्य है। सामग्री की गुणवत्ता निर्धारित मानक के अनुरूप नही पाये जाने की स्थिति में भुगतान की धनराशि में से नियमानुसार कटौती कर ली जायेगी। निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत को होगा।

क्र०सं०	सामग्री का नाम	यूनिट/मात्रा	दर
1	सीमेन्ट	प्रति बैग/टन	
2	बालू रेत	घन मी०	
3	बजरफुट	घन मी०	
4	20 एम०एम० बजरी	घन मी०	
5	40 एम०एम० ईंट रोड़ी	घन मी०	
6	ईंट प्रथम श्रेणी एम०-150	प्रति नग/हजार	
7	ईंट बालवार एम-275	प्रति नग/हजार	
8	इंटरलाक टाईल्स 80 एम०एम०	प्रति नग/हजार	
9	इंटरलाक टाईल्स 60 एम०एम०	प्रति नग/हजार	
10	पंचायत भवन के ऑफिस इक्युपमेंट / पंचायत घर मरम्मत	प्रति नग/यूनिट	
11	पुस्तकालय इक्युपमेंट/मरम्मत	प्रति नग/यूनिट	
12	दीवार टाईल्स	वर्ग मीटर	
13	फर्श टाईल्स	वर्ग मीटर	
14	सरिया	प्रति कुन्तल	
15	लोहे की एंगल/पाईप	प्रति कुन्तल	
16	लोहे का जाल	प्रति कुन्तल	
17	सीमेन्ट की चादर/टीन शेड की चादर	वर्ग मीटर/नग	
18	मिट्टी दूरी सहित	घन मी०	
19	लकड़ी के दरवाजे /कर्मर्शियल/टिम्बर/प्लाई	प्रति नग	
20	सोलर लाईट नया/मरम्मत उपकरण	प्रति नग	
21	स्ट्रीट लाईट नया/मरम्मत उपकरण	प्रति नग	
22	ई-रिक्शा	प्रति नग	
23	सेनेटरी सामग्री	प्रति नग/वर्गमी०	
24	बिजली उपकरण	प्रति नग	
25	लोहे का फेंसिंग तार	प्रति वर्ग मी०	
26	फोगिंग मशीन/स्प्रे मशीन	प्रति नग	
27	सी०सी० डेस्क बेंच	प्रति नग	
28	डस्टबीन/सामुदायिक शौचालय मरम्मत	प्रति नग	
29	कूडा गाडी/ठेली एवं सफाई किट	प्रति नग	
30	सोडियम, हाईक्लोराईड, ब्लीचिंग पाउडर व अन्य कीटनाशक व संक्रामक रोधक दवाएं	प्रति किलो/पैकेट	
31	प्राईमर लोहा लकड़ी	प्रति ली०	
32	डिस्टैम्पर वाल पुट्टी, पेंट समोसम आदि	प्रति किलो	
33	पी०वी०सी० पाईप एवं जी०आई० पाईप हैण्डपम्प मरम्मत सामग्री	प्रति रनिंग मीटर	
34	हैण्डपम्प मरम्मत सामग्री	प्रति रनिंग मीटर	
35	हैण्डपम्प रिबोर सामग्री	प्रति रनिंग मीटर	
36	प्लाई एवं माईका	प्रति वर्ग फुट	
37	आर०सी०सी० पाईप/ह्यूमपाईप	प्रति रनिंग मीटर	
38	वाटर कूलर आर०ओ० सहित	प्रति नग	
39	रनिंग वाटर सप्लाई उपकरण	प्रति फुट	
40	इन्सीनेटर	प्रति नग	
41	प्लम्बिंग सामग्री	प्रति नग	
42	ओपन जिम खेल मैदान उपकरण/बारात घर निर्माण मरम्मत	प्रति नग	
43	इलेक्ट्रिशियन कार्य सामग्री	प्रति नग	
44	लोहे का गेट व खिड़की	प्रति नग	

नोट-01-यदि किसी फर्म/सप्लायर आपूर्तिकर्ता के लिये कोई भी नया विभागीय नियम प्रचलन में आता है तो सम्बन्धित को उसकी भी कार्यवाही के मानको को अनिवार्य रूप से पूर्ण करना होगा।
02- समान दरे होने पर ग्राम पंचायत एक से अधिक फर्मो को सामग्री आपूर्ति के लिये अधिकृत कर सकती है।

ग्राम प्रशासक, ग्राम पंचायत पिपलौती कला
विकासखंड गंगेश्वरी, जनपद अमरोहा

सचिव, पिपलौती कला
विकासखंड गंगेश्वरी, जनपद अमरोहा

कार्यालय ग्राम पंचायत सकरौली
विकासखंड गंगेश्वरी, जनपद अमरोहा

पत्रांक: मीमो/ग्रा0पं0सामग्री आपूर्ति/विकास कार्य/निविदा/कुटेशन/2026 दिनांक: 25.09.2026

अल्पकालीन निविदा/कुटेशन सूचना

समस्त अधिकृत फर्मो, पंजीकृत विक्रेताओ को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत सकरौली विकासखंड गंगेश्वरी, जनपद अमरोहा में वित्तीय वर्ष 2026-27 के अनुसार छठा राज्य वित्त, 16 वां वित्त मनरेगा, स्वच्छ भारत मिशन (ग्रा0) ओ0डी0एफ0 प्लस, आर0जी0एस0ए0, पंचायत पुरस्कार से प्राप्त धनराशि, बहुउद्देशीय पंचायत घर योजना अन्य मद से निर्माण हेतु प्राप्त धनराशि एवं अन्य मदो के अन्तर्गत निर्माण कार्य कराये जाने हेतु प्राप्त धनराशि से निर्धारित मानक/गुणवत्ता के अनुसार उच्च कोटि की सामग्री निर्माण कार्य स्थल पर आपूर्ति करने हेतु मोहर बन्द सीलबन्द निविदाये/कुटेशन आमन्त्रित की जाती है। इच्छुक फर्म/आपूर्तिकर्ता दिनांक 25.09.2026 से 31.09.2026 तक कार्यालय दिवस में समय 10 बजे से लेकर दोपहर 12 बजे तक अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय ग्राम पंचायत पर रखे बाक्स में सीलबन्द निविदा/कुटेशन सहित जमा कर सकते है जोकि दिनांक 31.09.2026 को ग्राम पंचायत की कमेटी के समक्ष सम्बन्धित ग्राम पंचायत के क्लस्टर मुख्यालय पर खोली जायेगी। स्वीकृत निविदा/कुटेशन के अनुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत में उपलब्ध धनराशि के आधार पर ग्राम पंचायत के लिखित आदेश पर की जायेगी जोकि ग्राम पंचायत को समय-समय प्राप्त आवंटित पर होगी। आवश्यकतानुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत (प्रशासक एवं सचिव) के लिखित आदेश पर की जायेगी। सामग्री की मात्रा आवश्यकतानुसार घटाई या बढ़ाई जा सकती है। सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत की परिधि में स्वीकृत दर पर निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी। सामग्री की आपूर्ति का भुगतान अधोहस्ताक्षरी की स्वीकृति के उपरान्त ही किया जायेगा। आपूर्तिकर्ता का जी0एस0टी0 पंजीकरण सम्बन्धित विभाग में होना अनिवार्य है। प्रस्तुत दरे पी0डब्लू0डी0 की दरो के अनुरूप पी0डब्लू0डी0 के रेट ऑफ शेड्यूल के अनुसार होगी। सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के आदेशानुसार निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत की जानी अनिवार्य है। सामग्री की गुणवत्ता निर्धारित मानक के अनुरूप नही पाये जाने की स्थिति में भुगतान की धनराशि में से नियमानुसार कटौती कर ली जायेगी। निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत को होगा।

क्र०सं०	सामग्री का नाम	यूनिट/मात्रा	दर
1	सीमेन्ट	प्रति बैग/टन	
2	बालू रेत	घन मी०	
3	बजरफुट	घन मी०	
4	20 एम०एम० बजरी	घन मी०	
5	40 एम०एम० ईंट रोड़ी	घन मी०	
6	ईंट प्रथम श्रेणी एम०-150	प्रति नग/हजार	
7	ईंट बालवार एम-275	प्रति नग/हजार	
8	इंटरलाक टाईल्स 80 एम०एम०	प्रति नग/हजार	
9	इंटरलाक टाईल्स 60 एम०एम०	प्रति नग/हजार	
10	पंचायत भवन के ऑफिस इक्युपमेंट / पंचायत घर मरम्मत	प्रति नग/यूनिट	
11	पुस्तकालय इक्युपमेंट/मरम्मत	प्रति नग/यूनिट	
12	दीवार टाईल्स	वर्ग मीटर	
13	फर्श टाईल्स	वर्ग मीटर	
14	सरिया	प्रति कुन्तल	
15	लोहे की एंगल/पाईप	प्रति कुन्तल	
16	लोहे का जाल	प्रति कुन्तल	
17	सीमेन्ट की चादर/टीन शेड की चादर	वर्ग मीटर/नग	
18	मिट्टी दूरी सहित	घन मी०	
19	लकड़ी के दरवाजे /कर्मर्शियल/टिम्बर/प्लाई	प्रति नग	
20	सोलर लाईट नया/मरम्मत उपकरण	प्रति नग	
21	स्ट्रीट लाईट नया/मरम्मत उपकरण	प्रति नग	
22	ई-रिक्शा	प्रति नग	
23	सेनेटरी सामग्री	प्रति नग/वर्गमी०	
24	बिजली उपकरण	प्रति नग	
25	लोहे का फेंसिंग तार	प्रति वर्ग मी०	
26	फोगिंग मशीन/स्प्रे मशीन	प्रति नग	
27	सी०सी० डेस्क बेंच	प्रति नग	
28	डस्टबीन/सामुदायिक शौचालय मरम्मत	प्रति नग	
29	कूडा गाडी/ठेली एवं सफाई किट	प्रति नग	
30	सोडियम, हाईक्लोराईड, ब्लीचिंग पाउडर व अन्य कीटनाशक व संक्रामक रोधक दवाएं	प्रति किलो/पैकेट	
31	प्राईमर लोहा लकड़ी	प्रति ली०	
32	डिस्टैम्पर वाल पुट्टी, पेंट समोसम आदि	प्रति किलो	
33	पी०वी०सी० पाईप एवं जी०आई० पाईप हैण्डपम्प मरम्मत सामग्री	प्रति रनिंग मीटर	
34	हैण्डपम्प मरम्मत सामग्री	प्रति रनिंग मीटर	
35	हैण्डपम्प रिबोर सामग्री	प्रति रनिंग मीटर	
36	प्लाई एवं माईका	प्रति वर्ग फुट	
37	आर०सी०सी० पाईप/ह्यूमपाईप	प्रति रनिंग मीटर	
38	वाटर कूलर आर०ओ० सहित	प्रति नग	
39	रनिंग वाटर सप्लाई उपकरण	प्रति फुट	
40	इन्सीनेटर	प्रति नग	
41	प्लम्बिंग सामग्री	प्रति नग	
42	ओपन जिम खेल मैदान उपकरण/बारात घर निर्माण मरम्मत	प्रति नग	
43	इलेक्ट्रिशियन कार्य सामग्री	प्रति नग	
आशंका रहती है। लगातार बारिश और बदलते मौसम को देखते हुए संक्रामक बीमारियों के फैलने की आशंका बनी रहती है। ऐसे में ग्राम पंचायत की ओर से लगातार कीटनाशक छिड़काव कराकर बचाव के प्रयास किए जा रहे हैं। ग्राम प्रधान इस्तकार अंसारी ने बताया कि ग्रामीणों के स्वास्थ्य और गांव में स्वच्छ वातावरण बनाए रखना ग्राम पंचायत की प्राथमिकता है। सितंबर माह में शुक्रवार को तीसरी बार कीटनाशक का छिड़काव कराया गया है। उन्होंने बताया कि जल्द ही ग्राम पंचायत के विभिन्न क्षेत्रों में फॉगिंग भी कराई जाएगी, जिससे मच्छरों की संख्या को नियंत्रित करने में मदद मिल सके। उन्होंने ग्रामीणों से भी अपने घरों के आसपास पानी जमा न होने देने, नालियों और आसपास के स्थानों की नियमित सफाई रखने तथा मच्छरों से बचाव के लिए जरूरी सावधानियां बरतने की अपील की। ग्राम प्रधान ने कहा कि पंचायत स्तर से संक्रामक बीमारियों की रोकथाम के लिए आवश्यक कदम लगातार उठाए जाते रहेंगे।

कुंदन मॉडल, इंटर कॉलेज अमरोहा में पॉक्सो एक्ट को लेकर जागरूकता शिविर आयोजित

अमरोहा (सब का सपना):- शुक्रवार को कुंदन मॉडल कॉलेज में पॉक्सो एक्ट (POCSO Act) को लेकर जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य छात्र-छात्राओं को बच्चों की सुरक्षा, उनके अधिकारों तथा लैंगिक अपराधों से संरक्षण के लिए बनाए गए कानून के प्रति जागरूक करना रहा। कार्यक्रम के दौरान नसीमा खान अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश / विशेष न्यायाधीश (एस०सी०/एस०टी०) एक्ट, अमरोहा ने छात्र-छात्राओं को पॉक्सो एक्ट यानी लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम के विभिन्न प्रावधानों की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों को लैंगिक अपराधों से सुरक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से यह कानून बनाया गया है। विद्यार्थियों को अच्छे और बुरे स्पर्श के बीच अंतर, असहज स्थिति में अपनी बात रखने तथा किसी भी प्रकार की अनुचित घटना होने पर तत्काल विश्वसनीय व्यक्ति अथवा संबंधित अधिकारियों को सूचना देने के लिए प्रेरित किया गया। इन्दू नागर न्यायिक मजिस्ट्रेट, अमरोहा ने कहा कि बच्चों की सुरक्षा केवल परिवार की ही नहीं, बल्कि पूरे समाज की जिम्मेदारी है। छात्र-छात्राओं को समझाया गया कि यदि उनके साथ अथवा उनके आसपास किसी बच्चे



के साथ कोई अनुचित व्यवहार या अपराध होता है तो उसे छिपाने के बजाय इसकी जानकारी जिम्मेदार व्यक्ति अथवा संबंधित विभाग को देना चाहिए। साथ ही विद्यार्थियों को उनके कानूनी अधिकारों और उपलब्ध सहायता व्यवस्था के बारे में भी जानकारी दी गई। शिविर में नसीमा खान अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश / विशेष न्यायाधीश (एस०सी०/ एस०टी०) एक्ट, अमरोहा व इन्दू नागर न्यायिक मजिस्ट्रेट, अमरोहा ने सोशल मीडिया एवं इंटरनेट के सुरक्षित उपयोग पर भी विशेष जोर दिया। विद्यार्थियों को अजनबियों से ऑनलाइन संपर्क में सावधानी बरतने, निजी जानकारी साझा न करने तथा किसी भी संदिग्ध या आपत्तिजनक गतिविधि की स्थिति में तुरंत अभिभावकों एवं शिक्षकों को अवगत कराने की सलाह दी गई। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने भी जागरूकता संबंधी विषयों पर सवाल पूछे, जिनका नसीमा खान अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश / विशेष न्यायाधीश (एस०सी०/एस०टी०) एक्ट, अमरोहा व इन्दू नागर न्यायिक मजिस्ट्रेट, अमरोहा द्वारा सरल एवं सहज भाषा में जवाब दिया गया। न्यायिक अधिकारीगण ने कहा कि कानून की जानकारी बच्चों को न केवल अपने अधिकारों के प्रति जागरूक बनाती है, बल्कि उन्हें किसी भी विपरीत परिस्थिति में सही कदम उठाने का आत्मविश्वास भी प्रदान करती है।

विद्यालय प्रबंधन की ओर से शिविर के आयोजन के लिए जिला प्रशासन एवं संबंधित अधिकारियों का आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम के अंत में छात्र-छात्राओं से अपील की गई कि वे स्वयं जागरूक बनें और अपने आसपास के अन्य बच्चों को भी उनके अधिकारों तथा सुरक्षा के प्रति जागरूक करें। शिविर में विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अमरोहा के कमचार्रीगण रितिक चाहल, जयवीर सिंह, आशु देशवाल व सितिन चौहान एवं पराविधिक स्वयं सेवक लोकमान सिंह, प्रीति चौहान, डॉ० प्रथम सिंह, जयदेव सिंह की भी सहभागिता रही।

किशोरी को बहला-फुसलाकर ले जाने के मामले में एक आरोपी गिरफ्तार

जुनावई/संभल(सब का सपना):- जनपद के थाना जुनावई क्षेत्र में युवती को बहला-फुसलाकर ले जाने के मामले में वांछित चल रहे अभियुक्त को पुलिस ने शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ दर्ज मुकदमे में कार्रवाई करते हुए उसे दबथरा तिराहे से गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार, 26 अगस्त को थाना जुनावई पर एक गांव निवासी व्यक्ति ने तहरीर देकर सूचना दी थी कि अभियुक्त द्वारा उसकी पुत्री को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले जाया गया है। तहरीर



के आधार पर थाना पुलिस ने मामले में सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया था। मुकदमा दर्ज होने के बाद पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी हुई थी। इसी क्रम में शुक्रवार को थाना पुलिस टीम क्षेत्र में वांछित अभियुक्तों की तलाश में जुटी थी। इसी दौरान पुलिस को सूचना मिली कि मुकदमे में वांछित अभियुक्त राजू उर्फ राजकुमार पुत्र कल्यान सिंह दबथरा तिराहे के आसपास मौजूद है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और आरोपी को दबथरा तिराहे से गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्त के खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। मामले में पुलिस द्वारा आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

गणपति बप्पा मोरया के जयकारों से गूंजा बहजोई

गणेश पंडालों में पूजा-अर्चना के बाद निकली विसर्जन शोभायात्रा, राजघाट गंगा में विसर्जित की गईं प्रतिमाएं





बहजोई/संभल(सब का सपना):- जनपद में गणेश विसर्जन के अवसर पर शुक्रवार को बहजोई नगर में श्रद्धा और भक्ति का माहौल नजर आया। विभिन्न स्थानों पर सजे गणेश पंडालों में विधि-विधान से पूजा-अर्चना के बाद गणेश विसर्जन शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा के दौरान श्रद्धालु गणपति बप्पा मोरया अगली बरस तू जल्दी आ के जयकारे लगाते हुए चल रहे थे। नगर की गली-गली और मोहल्ले-मोहल्ले में भगवान गणेश की विदाई को लेकर भक्तों में उत्साह दिखाई दिया। श्रद्धालुओं ने गणेश प्रतिमाओं को फूलों से सजाकर शोभायात्रा निकाली और भक्ति गीतों व जयकारों के बीच गणपति बप्पा को विदाई दी। कई स्थानों पर श्रद्धालु भावुक नजर आए और नम आंखों से गणेश जी को विदा किया। शोभायात्रा के बाद सभी गणेश प्रतिमाओं को वाहनों के माध्यम से राजघाट स्थित गंगा जी ले जाया गया, जहां विधि-विधान और श्रद्धाभाव के साथ प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने भगवान गणेश से परिवार और क्षेत्र में सुख-शांति एवं समृद्धि की कामना की। गणेश विसर्जन को लेकर कोतवाली बहजोई पुलिस भी पूरी तरह मुस्तैद रही। पुलिस टीम ने शोभायात्रा के दौरान मौके पर मौजूद रहकर व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग किया।

पूरे नगर में गणेश विसर्जन कार्यक्रम श्रद्धा, उल्लास और धार्मिक भावनाओं के साथ संपन्न हुआ।

धाता में पुलिस मुठभेड़, गौकशी के वांछित के पैर में लगी गोली



फतेहपुर (सब का सपना):- जनपद के थाना धाता क्षेत्र में शुक्रवार सुबह पुलिस और गौकशी के वांछित अभियुक्त के बीच मुठभेड़ हो गई। पुलिस को सूचना मिली थी कि गौकशी के मुकदमे में वांछित अब्बास क्षेत्र में छिपा है। थाना धाता पुलिस टीम ने दबिश/चेकिंग के दौरान उसे पकड़ने का प्रयास किया तो अभियुक्त ने पुलिस टीम पर फायर कर दिया। पुलिस द्वारा आत्मरक्षार्थ की गई जवाबी कार्रवाई में अभियुक्त के पैर में गोली लग गई। घायल अभियुक्त को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है। पुलिस के अनुसार अभियुक्त अब्बास गौकशी के मामले में वांछित था और उसके खिलाफ पहले से तीन आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। प्रकरण में आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

दहेज हत्या के मामले में सास गिरफ्तार

मैकुवापुर में विवाहिता की मौत के मामले में असोथर पुलिस की कार्रवाई, पति-ससुर पहले ही भेजे जा चुके जेल



असोथर/फतेहपुर (सब का सपना):- जनपद के असोथर थाना क्षेत्र के मैकुवापुर मजरे सरकंडी में विवाहिता की मौत के मामले में पुलिस ने नामजद सास को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने 24 सितंबर को आरोपी महिला को फूलबाग चौराहा के पास से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। मामले में पति और ससुर को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। पुलिस के अनुसार, धाता थाना क्षेत्र के मखौवा गांव निवासी छोटेलाल ने सात सितंबर को थाने में तहरीर दी थी। इसमें बताया गया था कि उनकी 20 वर्षीय बेटी पिंकी देवी की शादी सात मई 2026 को मैकुवापुर मजरे सरकंडी निवासी केशचंद्र के साथ हुई थी। आरोप है कि शादी के करीब एक माह बाद से ससुरालीजन विवाहिता को प्रताड़ित करने लगे। पांच सितंबर को उसकी मौत हो गई। तहरीर के आधार पर असोथर थाने में मु0अ0सं0 181/2026 के तहत धारा 80(2), 85 बीएनएस और 3/4 दहेज प्रतिषेध अधिनियम में पति केशचंद्र, चचिया ससुर धनराज, सास उर्मिला देवी और देवर रोहित के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था।पुलिस ने बताया कि मामले में पति केशचंद्र और ससुर धनराज को आठ सितंबर को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जा चुका है, जहां से दोनों को जेल भेज दिया गया था। अब मुकदमे में वांछित सास उर्मिला देवी पत्नी धनराज (58) को 24 सितंबर को फूलबाग चौराहा के पास से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी के बाद उसे भी न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में व0उ0नि0 बृजेन्द्र कुमार, आरक्षी रवि कुमार और महिला आरक्षी रुपा सरोज शामिल रहीं।

विकास कार्यों में लापरवाही पर तत्कालीन ग्राम प्रधान को कारण बताओ नोटिस



संभल (सब का सपना):- जिलाधिकारी के निर्देश और जिला पंचायत राज अधिकारी की समीक्षा के बाद विकास खण्ड रजपुरा की ग्राम पंचायत केवलपुर तिपेड़ा में बड़ी कार्रवाई की गई है। विकास कार्यों के क्रियान्वयन और भुगतान में प्रथम दृष्टया लापरवाही मिलने पर तत्कालीन ग्राम प्रधान और निर्वतमान प्रशासक योगेंद्र कुमार को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। समीक्षा के दौरान सामने आया कि प्राथमिक विद्यालय रजापुर में मरम्मत रंगाई पुताई और पंचायत सहायक के मानदेय भुगतान से जुड़ी 536518 रुपये की धनराशि आवश्यक प्रक्रिया पूरी न होने के कारण अटकी रही। इसके अलावा ग्राम पंचायत में स्वीकृत मॉडल तालाब और मॉडल शॉप के निर्माण कार्यों में बेहद खराब प्रगति पाई गई और कार्यादेश जारी करने की प्रक्रिया भी अधर में लटकाकर रखी गई। जांच में यह भी उजागर हुआ कि वर्धमान नदी मनरेगा वृक्षारोपण मॉडल तालाब और मॉडल शॉप जैसे महत्वपूर्ण विकास कार्यों में अपेक्षित सहयोग और समन्वय नहीं किया गया। पंचायत सहायक की शिकायत के अनुसार जनवरी 2026 से अगस्त 2026 तक का मानदेय भुगतान भी बकाया पाया गया। उत्तर प्रदेश पंचायती राज अधिनियम 1947 की धारा 27 और संबंधित शासनादेशों के तहत योगेंद्र कुमार को 7 दिनों के भीतर साक्ष्यों के साथ स्पष्टीकरण देने का निर्देश दिया गया है। तय सीमा में संतोषजनक जवाब न मिलने पर उनके खिलाफ अग्रिम कानूनी कार्रवाई की जाएगी और सहायक विकास अधिकारी पंचायत को नया प्रशासक नियुक्त कर दिया जाएगा।

ग्राम अध्यक्ष मनोनयन के दौरान किसानों ने उठाई स्वास्थ्य और सहकारी समिति की मांगें

मनावा में विजय सिंह बने ग्राम अध्यक्ष, बंद उप स्वास्थ्य केंद्र खुलवाने का मिला आश्वासन



असोथर/फतेहपुर (सब का सपना):- भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के कार्यकर्ताओं ने ग्राम मनावा मेंबैठक आयोजित की। इसमें स्वर्गीय बेनीमाधव सिंह के पौत्र विजय सिंह पुत्र अजय सिंह को ग्राम अध्यक्ष पद पर मनोनीत किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में किसान और युवा मौजूद रहे। कार्यक्रम में भाकियू अराजनैतिक असोथर ब्लॉक अध्यक्ष दिनेश प्रताप सिंह, राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश सिंह चौहान के छोटे पुत्र युवा शक्ति अंकुर सिंह चौहान की उपस्थिति में विजयीपुर ब्लॉक अध्यक्ष सत्यम सिंह भदौरिया, असोथर ब्लॉक उपाध्यक्ष प्रमोद सिंह तथा अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ अध्यक्ष लल्ला खान सहित अन्य किसान मौजूद रहे। बैठक के दौरान किसानों ने मनावा स्थित उप स्वास्थ्य केंद्र के लंबे समय से बंद होने का मुद्दा उठाया। किसानों ने बताया कि केंद्र कई वर्षों से बंद पड़ा है, जिससे ग्रामीणों को स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए दूसरे स्थानों पर जाना पड़ता है। किसानों ने उप स्वास्थ्य केंद्र को दोबारा संचालित कराने की मांग की। मौके पर भाकियू ब्लॉक अध्यक्ष दिनेश प्रताप सिंह ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) से फोन पर वार्ता की। सीएमओ ने एक सप्ताह के अंदर उप स्वास्थ्य केंद्र को खुलवाने का आश्वासन दिया। इसके अलावा किसानों ने गांव में सहकारी समिति स्थापित करने की भी मांग रखी। इस संबंध में दिनेश प्रताप सिंह ने डीएओ नरोत्तम सिंह और डीडी रामजतन से फोन पर वार्ता कर समिति गठन की मांग की। अधिकारियों ने बताया कि समिति गठन के लिए प्रस्ताव तैयार कर भेजा जाए। प्रस्ताव मिलने के बाद नियमानुसार कानूनी प्रक्रिया को अंतिम रूप देकर समिति के गठन की कार्रवाई की जाएगी। कार्यक्रम में किसानों ने गांव की अन्य समस्याओं को भी प्रमुखता से उठाया। इस मौके पर सैकड़ों किसान मौजूद रहे।

विदेश में पढ़ाई और नौकरी का झांसा पड़ा भारी, एजेंसी को 6.37 लाख रुपये देने के आदेश

स्कॉटलैंड भेजने के नाम पर ली रकम, लंदन पहुंचने पर नहीं मिला एजेंसी का प्रतिनिधि,उपभोक्ता आयोग ने सुनाया फैसला



बहजोई/संभल(सब का सपना):- विदेश में पढ़ाई कराने और आकर्षक नौकरी दिलाने का भरोसा देकर युवक से धनराशि लेने के मामले में जिला उपभोक्ता आयोग संभल ने प्लेनेट ओवरसीज डोमिनास के प्रबंधक/प्रोपराइटर/स्वामी अमृत सिंधु को परिवादी मनी मांगट को कुल 6,37,955 रुपये अदा करने के आदेश दिए हैं। आयोग ने शेष धनराशि और वापसी के हवाई किराये पर सात प्रतिशत वार्षिक ब्याज के साथ मानसिक कष्ट एवं आर्थिक क्षति तथा वाद व्यय की धनराशि भी देने का आदेश दिया है।

ग्राम शेखूपुर खालसा, थाना एचोड़ा कंबोह निवासी मनी मांगट ने अपने उज्ज्वल भविष्य के उद्देश्य से अखबार में प्रकाशित विज्ञापन देखा था। विज्ञापन के आधार पर वह काशीपुर स्थित प्लेनेट ओवरसीज के कार्यालय पहुंचा। आरोप के अनुसार, एजेंसी के संचालक अमृत सिंधु ने उसे विदेश में पढ़ाई कराने के साथ करीब दो लाख रुपये प्रतिमाह की नौकरी दिलाने का भरोसा दिया। इस पर मनी मांगट ने स्कॉटलैंड से बीसीए की पढ़ाई करने की इच्छा जताई।

परिवादी के अनुसार, एजेंसी ने पढ़ाई के नाम पर 24 जुलाई 2023 को 5,34,900 रुपये जमा कराए। इसके अलावा लंदन होते हुए स्कॉटलैंड भेजने के लिए टिकट के नाम पर 1,19,000 रुपये भी लिए गए। इसके बाद मनी मांगट 4 सितंबर 2023 को दिल्ली से लंदन के लिए रवाना हुआ।

एजेंसी की ओर से उसे बताया गया था कि लंदन पहुंचने पर विनय कुमार नामक व्यक्ति मिलेगा और वही उसे स्कॉटलैंड में पढ़ाई के लिए भेज देगा। हालांकि लंदन पहुंचने के बाद जब मनी मांगट ने विनय कुमार से संपर्क करने का प्रयास किया तो संपर्क नहीं हो सका। मामले की जानकारी उसने अपने परिजनों और एजेंसी संचालक को दी। बताया गया कि आवश्यक कागजात नहीं होने के कारण लंदन पुलिस ने उसे वापस भारत भेज दिया।

भारत लौटने के बाद मनी मांगट ने एजेंसी से अपनी जमा धनराशि वापस मांगी। आरोप है कि एजेंसी की ओर से कुछ रकम वापस की गई, लेकिन शेष धनराशि देने से इनकार कर दिया गया। इसके बाद उसने मामले की जानकारी उपभोक्ता मामलों के विशेषज्ञ अधिवक्ता लवमोहन वार्ष्णेय को दी। अधिवक्ता के माध्यम से जिला उपभोक्ता आयोग संभल में परिवाद प्रस्तुत किया गया। आयोग में मामले की सुनवाई के दौरान प्लेनेट ओवरसीज की ओर से बताया गया कि खर्चों को काटकर फीस वापस की गई है। इसका परिवादी के अधिवक्ता ने विरोध करते हुए तर्क दिया कि जब परिवादी स्कॉटलैंड पहुंचकर पढ़ाई ही नहीं कर सका तो फीस में कटौती किस आधार पर की गई। साथ ही लंदन पहुंचने के बाद एजेंसी का प्रतिनिधि भी उससे नहीं मिला, जिसे सेवा में कमी और लापरवाही बताया गया। दोनों पक्षों को सुनने के बाद आयोग ने परिवाद स्वीकार करते हुए प्लेनेट ओवरसीज डोमिनास के प्रबंधक/ प्रोपराइटर/स्वामी अमृत सिंधु को मनी मांगट को शेष धनराशि 1,20,955 रुपये तथा लंदन से नई दिल्ली वापसी का किराया 1,07,000 रुपये, कुल 2,27,955 रुपये, परिवाद संस्थित किए जाने की तिथि से सात प्रतिशत वार्षिक ब्याज सहित आयोग के खाते में जमा करने का आदेश दिया। इसके अतिरिक्त आयोग ने परिवादी को चार लाख रुपये मानसिक कष्ट एवं आर्थिक हानि के मद में तथा 10 हजार रुपये वाद व्यय के रूप में अदा करने का आदेश दिया। इस प्रकार आदेश के तहत मूल रकम, मानसिक कष्ट एवं आर्थिक हानि और वाद व्यय मिलाकर कुल 6,37,955 रुपये की राशि देय होगी, जिस पर आदेशानुसार संबंधित ब्याज भी लागू होगा। आयोग ने यह भी स्पष्ट किया कि निर्धारित अवधि में धनराशि का भुगतान नहीं किए जाने पर ब्याज की दर नौ प्रतिशत वार्षिक होगी।

विकासखण्ड सम्भल की छह ग्राम पंचायतों के पंचायतघरों का बीडीओ ने किया औचक निरीक्षण





संभल (सब का सपना):- जिलाधिकारी अंकित खण्डेलवाल के निदेशों के अनुपालन में खण्ड विकास अधिकारी प्रेमपाल सिंह ने सम्भल विकासखण्ड की छह प्रमुख ग्राम पंचायतों के पंचायतघरों का निरीक्षण किया। इस प्रशासनिक कार्रवाई के तहत केमा कवलपुर सराय रिठाली अख्तियार ठिलूपुरा अख्तियारपुर तगा और मंडलाई ग्राम पंचायतों के पंचायतघरों की व्यवस्थाओं और कामकाज का जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान पंचायतघरों में मूलभूत सुविधाओं और रख-रखाव से जुड़ी कई गंभीर कमियां सामने आईं। इस पर कड़ी नाराजगी जताते हुए खण्ड विकास अधिकारी ने संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को दो दिन के भीतर सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त करने का कड़ा अल्टीमेटम दिया। उन्होंने स्पष्ट आदेश दिए कि ग्रामीण क्षेत्रों में पंचायतघरों का संचालन प्रतिदिन नियमित रूप से होना चाहिए ताकि स्थानीय निवासियों को सरकारी सेवाओं के लिए दूर न जाना पड़े। निरीक्षण अभियान के दौरान कई पंचायत सहायक अपने कर्तव्य स्थल से नदारद मिले। बीडीओ प्रेमपाल सिंह ने अनुशासनहीनता पर कड़ा रुख अपनाते हुए अनुपस्थित पंचायत सहायकों का मानदेय तत्काल प्रभाव से रोकने का आदेश जारी किया। इसके साथ ही जो पंचायतघर पूरी तरह बंद पाए गए वहां तैनात पंचायत सहायकों को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए उनकी सेवा समाप्ति की विधिक कार्रवाई शुरू करने के निर्देश संबंधित ग्राम पंचायत सचिवों को दिए। खण्ड विकास अधिकारी ने चेतावनी जारी करते हुए कहा कि सरकारी कार्यों और पंचायतघर के संचालन में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। ग्राम स्तर पर शासन की योजनाओं का लाभ प्रत्येक ग्रामीण तक पारदर्शी और सुचारु रूप से पहुंचाना सुनिश्चित किया जाए।

कार्यालय ग्राम पंचायत नन्हेड़ा अल्यारपुर विकासखंड अमरोहा, जनपद अमरोहा

पत्रांक: मीमो/ग्रा0पं0सामग्री आपूर्ति/विकास कार्य/निविदा/कुटेशन/2026 दिनांक: 25.09.2026

अल्पकालीन निविदा/कुटेशन सूचना

समस्त अधिकृत फर्मों, पंजीकृत विक्रेताओ को एतद्वारा सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत नन्हेड़ा अल्यारपुर विकासखंड अमरोहा, जनपद अमरोहा में वित्तीय वर्ष 2026-27 के अनुसार छठा राज्य वित्त, 16 वां वित्त मनरेगा, स्वच्छ भारत मिशन (ग्रा0) ओ0डी0एफ0 प्लस, आर0जी0एस0ए0, पंचायत पुरस्कार से प्राप्त धनराशि, बहुउद्देशीय पंचायत घर योजना अन्य मद से निर्माण हेतु प्राप्त धनराशि एवं अन्य मदो के अन्तर्गत निर्माण कार्य कराये जाने हेतु प्राप्त धनराशि से निर्धारित मानक/गुणवत्ता के अनुसार उच्च कोटि की सामग्री निर्माण कार्य स्थल पर आपूर्ति करने हेतु मोहर बन्द सीलबन्द निविदाये/कुटेशन आमन्त्रित की जाती है। इच्छुक फर्म/आपूर्तिकर्ता दिनांक 25.09.2026 से 31.09.2026 तक कार्यालय दिवस में समय 10 बजे से लेकर दोपहर 12 बजे तक अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय ग्राम पंचायत पर रखे बाक्स में सीलबन्द निविदा/कुटेशन सहित जमा कर सकते है जोकि दिनांक 31.09.2026 को ग्राम पंचायत की कमेटी के समक्ष सम्बन्धित ग्राम पंचायत के क्लस्टर मुख्यालय पर खोली जायेगी। स्वीकृत निविदा/कुटेशन के अनुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत में उपलब्ध धनराशि के आधार पर ग्राम पंचायत के लिखित आदेश पर की जायेगी जोकि ग्राम पंचायत को समय-समय प्राप्त आवंटित पर होगी। आवश्यकतानुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत (प्रशासक एवं सचिव) के लिखित आदेश पर की जायेगी। सामग्री की मात्रा आवश्यकतानुसार घटाई या बढ़ाई जा सकती है। सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत की परिधि में स्वीकृत दर पर निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी। सामग्री की आपूर्ति का भुगतान अधोहस्ताक्षरी की स्वीकृति के उपरान्त ही किया जायेगा। आपूर्तिकर्ता का जी0एस0टी0 पंजीकरण सम्बन्धित विभाग में होना अनिवार्य है। प्रस्तुत दरे पी0डब्लू0डी0 की दरो के अनुरूप पी0डब्लू0डी0 के रेट ऑफ शेड्यूल के अनुसार होगी। सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के आदेशानुसार निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत की जानी अनिवार्य है। सामग्री की गुणवत्ता निर्धारित मानक के अनुरूप नही पाये जाने की स्थिति में भुगतान की धनराशि में से नियमानुसार कटौती कर ली जायेगी। निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत को होगा।

क्र0सं0	सामग्री का नाम	यूनिट/मात्रा	दर
1	सीमेन्ट	प्रति बैग/टन	
2	बालू रेत	घन मी0	
3	बजरफुट	घन मी0	
4	20 एम0एम0 बजरी	घन मी0	
5	40 एम0एम0 ईंट रोड़ी	घन मी0	
6	ईंट प्रथम श्रेणी एम0-150	प्रति नग/हजार	
7	ईंट बानवार एम-275	प्रति नग/हजार	
8	इंटरलाक टाईल्स 80 एम0एम0	प्रति नग/हजार	
9	इंटरलाक टाईल्स 60 एम0एम0	प्रति नग/हजार	
10	पंचायत भवन के ऑफिस इक्यूपमेंट / पंचायत घर मरम्मत	प्रति नग/यूनिट	
11	पुस्तकालय इक्यूपमेंट/मरम्मत	प्रति नग/यूनिट	
12	टीवार टाईल्स	वर्ग मीटर	
13	फर्श टाईल्स	वर्ग मीटर	
14	सरिया	प्रति कुन्तल	
15	लोहे की एंगल/पाईप	प्रति कुन्तल	
16	लोहे का जाल	प्रति कुन्तल	
17	सीमेन्ट की चादर/टीन शेड की चादर	वर्ग मीटर/नग	
18	मिट्टी दूरी सहित	घन मी0	
19	लकड़ी के दरवाजे /कमर्शियल/टिमबर/प्लाई	प्रति नग	
20	सोलर लाईट नया/मरम्मत उपकरण	प्रति नग	
21	स्ट्रीट लाईट नया/मरम्मत उपकरण	प्रति नग	
22	ई-रिक्शा	प्रति नग	
23	सेनेटरी सामग्री	प्रति नग/वर्गमी0	
24	बिजली उपकरण	प्रति नग	
25	लोहे का फेंसिंग तार	प्रति वर्ग मी0	
26	फोगिंग मशीन/स्प्रे मशीन	प्रति नग	
27	सी0सी0 ड्रेक बेंच	प्रति नग	
28	डस्टबीन/सामुदायिक शौचालय मरम्मत	प्रति नग	
29	कूड़ा गाड़ी/ठेली एवं सफाई किट	प्रति नग	
30	सोडियम, हाईक्लोराईड, ब्लीचिंग पाउडर व अन्य कीटनाशक व संक्रामक रोधक दवाए	प्रति किलो/पैकेट	
31	प्राईमर लोहा तख्ती	प्रति ली0	
32	डिस्टेम्पर वाल पुट्टी, पेंट समोसम आदि	प्रति किलो	
33	पी0वी0सी0 पाईप एवं जी0आई0 पाईप हैण्डपम्प मरम्मत सामग्री	प्रति रनिंग मीटर	
34	हैण्डपम्प मरम्मत सामग्री	प्रति रनिंग मीटर	
35	हैण्डपम्प रिबोर सामग्री	प्रति रनिंग मीटर	
36	प्लाई एवं माईका	प्रति वर्ग फुट	
37	आर0सी0सी0 पाईप/ह्यूमपाईप	प्रति रनिंग मीटर	
38	वाटर कूलर आर0ओ0 सहित	प्रति नग	
39	रनिंग वाटर सप्लाई उपकरण	प्रति फुट	
40	इन्सीनेटर	प्रति नग	
41	प्लम्बिंग सामग्री	प्रति नग	
42	ओपन जिम खेल मैदान उपकरण/बारात घर निर्माण मरम्मत	प्रति नग	
43	इलेक्ट्रिशियन कार्य सामग्री	प्रति नग	
44	लोहे का गेट व खिड़की	प्रति नग	

नोट-01-यदि किसी फर्म/सप्लायर आपूर्तिकर्ता के लिये कोई भी नया विभागीय नियम प्रचलन में आता है तो सम्बन्धित को उसकी भी कार्यवाही के मानको को अनिवार्य रूप से पूर्ण करना होगा।
02- समान दरे होने पर ग्राम पंचायत एक से अधिक फर्मो को सामग्री आपूर्ति के लिये अधिकृत कर सकती है।

ग्राम प्रशासक, ग्राम पंचायत नन्हेड़ा अल्यारपुर
विकासखंड अमरोहा, जनपद अमरोहा

सचिव, नन्हेड़ा अल्यारपुर
विकासखंड अमरोहा, जनपद अमरोहा

कार्यालय ग्राम पंचायत भटपुरा सकेनिर्या विकासखंड अमरोहा, जनपद अमरोहा

पत्रांक: मीमो/ग्रा0पं0सामग्री आपूर्ति/विकास कार्य/निविदा/कुटेशन/2026 दिनांक: 25.09.2026

अल्पकालीन निविदा/कुटेशन सूचना

समस्त अधिकृत फर्मों, पंजीकृत विक्रेताओ को एतद्वारा सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत भटपुरा सकेनिया विकासखंड अमरोहा, जनपद अमरोहा में वित्तीय वर्ष 2026-27 के अनुसार छठा राज्य वित्त, 16 वां वित्त मनरेगा, स्वच्छ भारत मिशन (ग्रा0) ओ0डी0एफ0 प्लस, आर0जी0एस0ए0, पंचायत पुरस्कार से प्राप्त धनराशि, बहुउद्देशीय पंचायत घर योजना अन्य मद से निर्माण हेतु प्राप्त धनराशि एवं अन्य मदो के अन्तर्गत निर्माण कार्य कराये जाने हेतु प्राप्त धनराशि से निर्धारित मानक/गुणवत्ता के अनुसार उच्च कोटि की सामग्री निर्माण कार्य स्थल पर आपूर्ति करने हेतु मोहर बन्द सीलबन्द निविदाये/कुटेशन आमन्त्रित की जाती है। इच्छुक फर्म/आपूर्तिकर्ता दिनांक 25.09.2026 से 31.09.2026 तक कार्यालय दिवस में समय 10 बजे से लेकर दोपहर 12 बजे तक अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय ग्राम पंचायत पर रखे बाक्स में सीलबन्द निविदा/कुटेशन सहित जमा कर सकते है जोकि दिनांक 31.09.2026 को ग्राम पंचायत की कमेटी के समक्ष सम्बन्धित ग्राम पंचायत के क्लस्टर मुख्यालय पर खोली जायेगी। स्वीकृत निविदा/कुटेशन के अनुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत में उपलब्ध धनराशि के आधार पर ग्राम पंचायत के लिखित आदेश पर की जायेगी जोकि ग्राम पंचायत को समय-समय प्राप्त आवंटित पर होगी। आवश्यकतानुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत (प्रशासक एवं सचिव) के लिखित आदेश पर की जायेगी। सामग्री की मात्रा आवश्यकतानुसार घटाई या बढ़ाई जा सकती है। सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत की परिधि में स्वीकृत दर पर निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी। सामग्री की आपूर्ति का भुगतान अधोहस्ताक्षरी की स्वीकृति के उपरान्त ही किया जायेगा। आपूर्तिकर्ता का जी0एस0टी0 पंजीकरण सम्बन्धित विभाग में होना अनिवार्य है। प्रस्तुत दरे पी0डब्लू0डी0 की दरो के अनुरूप पी0डब्लू0डी0 के रेट ऑफ शेड्यूल के अनुसार होगी। सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के आदेशानुसार निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत की जानी अनिवार्य है। सामग्री की गुणवत्ता निर्धारित मानक के अनुरूप नही पाये जाने की स्थिति में भुगतान की धनराशि में से नियमानुसार कटौती कर ली जायेगी। निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत को होगा।

क्र0सं0	सामग्री का नाम	यूनिट/मात्रा	दर
1	सीमेन्ट	प्रति बैग/टन	
2	बालू रेत	घन मी0	
3	बजरफुट	घन मी0	
4	20 एम0एम0 बजरी	घन मी0	
5	40 एम0एम0 ईंट रोड़ी	घन मी0	
6	ईंट प्रथम श्रेणी एम0-150	प्रति नग/हजार	
7	ईंट बानवार एम-275	प्रति नग/हजार	
8	इंटरलाक टाईल्स 80 एम0एम0	प्रति नग/हजार	
9	इंटरलाक टाईल्स 60 एम0एम0	प्रति नग/हजार	
10	पंचायत भवन के ऑफिस इक्यूपमेंट / पंचायत घर मरम्मत	प्रति नग/यूनिट	
11	पुस्तकालय इक्यूपमेंट/मरम्मत	प्रति नग/यूनिट	
12	टीवार टाईल्स	वर्ग मीटर	
13	फर्श टाईल्स	वर्ग मीटर	
14	सरिया	प्रति कुन्तल	
15	लोहे की एंगल/पाईप	प्रति कुन्तल	
16	लोहे का जाल	प्रति कुन्तल	
17	सीमेन्ट की चादर/टीन शेड की चादर	वर्ग मीटर/नग	
18	मिट्टी दूरी सहित	घन मी0	
19	लकड़ी के दरवाजे /कमर्शियल/टिमबर/प्लाई	प्रति नग	
20	सोलर लाईट नया/मरम्मत उपकरण	प्रति नग	
21	स्ट्रीट लाईट नया/मरम्मत उपकरण	प्रति नग	
22	ई-रिक्शा	प्रति नग	
23	सेनेटरी सामग्री	प्रति नग/वर्गमी0	
24	बिजली उपकरण	प्रति नग	
25	लोहे का फेंसिंग तार	प्रति वर्ग मी0	
26	फोगिंग मशीन/स्प्रे मशीन	प्रति नग	
27	सी0सी0 ड्रेक बेंच	प्रति नग	
28	डस्टबीन/सामुदायिक शौचालय मरम्मत	प्रति नग	
29	कूड़ा गाड़ी/ठेली एवं सफाई किट	प्रति नग	
30	सोडियम, हाईक्लोराईड, ब्लीचिंग पाउडर व अन्य कीटनाशक व संक्रामक रोधक दवाए	प्रति किलो/पैकेट	
31	प्राईमर लोहा तख्ती	प्रति ली0	
32	डिस्टेम्पर वाल पुट्टी, पेंट समोसम आदि	प्रति किलो	
33	पी0वी0सी0 पाईप एवं जी0आई0 पाईप हैण्डपम्प मरम्मत सामग्री	प्रति रनिंग मीटर	
34	हैण्डपम्प मरम्मत सामग्री	प्रति रनिंग मीटर	
35	हैण्डपम्प रिबोर सामग्री	प्रति रनिंग मीटर	
36	प्लाई एवं माईका	प्रति वर्ग फुट	
37	आर0सी0सी0 पाईप/ह्यूमपाईप	प्रति रनिंग मीटर	
38	वाटर कूलर आर0ओ0 सहित	प्रति नग	
39	रनिंग वाटर सप्लाई उपकरण	प्रति फुट	
40	इन्सीनेटर	प्रति नग	
41	प्लम्बिंग सामग्री	प्रति नग	
42	ओपन जिम खेल मैदान उपकरण/बारात घर निर्माण मरम्मत	प्रति नग	
43	इलेक्ट्रिशियन कार्य सामग्री	प्रति नग	
44	लोहे का गेट व खिड़की	प्रति नग	

नोट-01-यदि किसी फर्म/सप्लायर आपूर्तिकर्ता के लिये कोई भी नया विभागीय नियम प्रचलन में आता है तो सम्बन्धित को उसकी भी कार्यवाही के मानको को अनिवार्य रूप से पूर्ण करना होगा।
02- समान दरे होने पर ग्राम पंचायत एक से अधिक फर्मो को सामग्री आपूर्ति के लिये अधिकृत कर सकती है।

ग्राम प्रशासक, ग्राम पंचायत भटपुरा सकेनिया
विकासखंड अमरोहा, जनपद अमरोहा

सचिव, भटपुरा सकेनिया
विकासखंड अमरोहा, जनपद अमरोहा

उत्तम ब्रह्मचर्य धर्म की आराधना के साथ दशलक्षण महापर्व का समापन

अनंत चतुर्दशी पर महामंडल विधान संपन्न, हवन में विश्व कल्याण की कामना के साथ दीं आहुतियां



बहजोई/संभल(सब का सपना):- जनपद में दशलक्षण महापर्व के अंतिम दिवस शुक्रवार को श्री दिगम्बर जैन मंदिर में उत्तम ब्रह्मचर्य धर्म की श्रद्धा एवं भक्तिभाव के साथ आराधना की गई। अनंत चतुर्दशी के अवसर पर आयोजित दशलक्षण महामंडल विधान का विधिवत समापन हुआ। इस दौरान भगवान वासुपूज्य जी का मोक्षकल्याणक मनाया गया और हवन का आयोजन कर विश्व कल्याण, जन-जन के मंगल एवं सुख-शांति की कामना की गई। प्रातःकाल श्रीजी के अभिषेक एवं शांतिधारा में संजय छुट्टन जैन, सम्भव जैन, मोहित जैन एडवोकेट एवं अंशुल जैन चंडीगढ़ को पुण्यार्जन का सौभाग्य प्राप्त हुआ। महामंडल विधान में सौधर्म इंद्र बनने का सौभाग्य संजय छुट्टन जैन, तरन जैन, अंशुल जैन एवं रागिनी जैन को मिला। वहीं अष्टकुमारी बनने का सौभाग्य प्राची जैन, साक्षी जैन, कविशा जैन, पाखी जैन, प्रियल जैन, अनन्या जैन, विधि जैन एवं यशवी जैन को प्राप्त हुआ। राजकुमारी बनने का सौभाग्य अक्षरा जैन एवं विदुशी जैन ने प्राप्त किया।विद्वान चंद्रकुमार जैन शास्त्री ने उत्तम आकिंचन्य एवं उत्तम ब्रह्मचर्य धर्म के आध्यात्मिक स्वरूप पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि उत्तम आकिंचन्य का भाव बाहरी वस्तुओं के प्रति ममत्व त्यागना है, जबकि उत्तम ब्रह्मचर्य का वास्तविक अर्थ अपने शुद्ध आत्मस्वरूप में रमण करना है। संयम, सदाचार और आत्मचिंतन के मार्ग पर चलना ही इसकी सार्थक आराधना है। सायंकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम में जैनत्व प्रश्नपत्र प्रतियोगिता आयोजित हुई, जिसमें श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में जैन सभा के संरक्षक राजेंद्र जैन, अध्यक्ष सुनील कुमार जैन, उपाध्यक्ष संजय कुमार जैन, कोषाध्यक्ष मितेश जैन, महामंत्री सम्भव जैन सहित बड़ी संख्या में महिला-पुरुष श्रद्धालु मौजूद रहे। कार्यक्रमों का संचालन महामंत्री सम्भव जैन ने किया। दशलक्षण महापर्व के समापन पर मंदिर परिसर भक्तिभाव और धार्मिक उल्लास से सराबोर रहा।

सी ओ सुनील कुमार की शरारती तत्वों पर रहेगी कड़ी नजर

सुनील सिंह बोले थाना स्तर पर ही कराया जाएगा समस्या का समाधान

नजीबाबाद/बिजनौर (सब का सपना):- सीओ पद का चार्ज सभालने वाले तेजतर्रार एवं ईमानदार व्यहवार कुशल सुनील सिंह ने कहा कि शासन की मंशा के अनुसार मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत महिलाओं को संपूर्ण सुरक्षा प्रदान करना तथा गौकशी जैसी गंभीर घटना को रोकने व अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करना उनकी पहली प्राथमिकता रहेगी, क्षेत्र को क्राइम फ्री बनाने पर भी उनका पूर्ण रुप से फोकस रहेगां। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ अधिकारियों ने जिस भरोसे व उम्मीद के साथ उन्हें नजीबाबाद सीओ सर्किल क्षेत्र दिया है, उस भरोसे को वह टूटने नहीं देंगे नजीबाबाद सी ओ सुनील सिंह ने कहा की अपने



वरिष्ठ अधिकारियों के आदेश का पालन और पीड़ितों को न्याय दिलाना उनकी दायित्व है। महिलाओं को संपूर्ण सुरक्षा प्रदान करना तथा गौकशी जैसी गंभीर घटना को रोकने के लिए अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करना उनकी पहली प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने दो टूक कहा कि पुलिस का इकबाल बुलंद करना भी उनकी प्राथमिकता में पहले से ही शामिल रहा है। उन्होंने एक सवाल के जवाब में कहा कि अब दलालों की खैर नहीं, दलालों को चेतावनी देते हुए साफ कह दिया है कि वह थाने के आसपास भी ना भटके। पीड़ितों को बेझिझक इजाजत होगी कि वह उनसे किसी भी समय सीधा संपर्क कर अपनी समस्या बता सकते हैं। समस्याओं का प्राथमिकता के साथ थाना स्तर पर ही समाधान कराया जाएगां।

किसी भी पीड़ित को अधिकारियों के पास जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। महिला उत्पीड़न, स्कूली छात्राओं से छेड़छ-ाड़, भूमाफियाओ द्धारा जमीनो पर अवैध कब्जे जैसी घटनाओं के वह पहले से ही खिलाफ रही हैं। ऐसा मामला सामने आने पर आरोपी कितना ही प्रभावशाली क्यों ना हो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

डीएम से मिली मेडिकल कॉलेज की प्रधानाचार्य, स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने पर मंथन

बिजनौर (सब का सपना):- महात्मा विदुर स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, बिजनौर की प्रधानाचार्य डॉ. चौधरी ललिता ने श-ुक्रवार को नवनियुक्त जिलाधिकारी उमेश प्रताप सिंह से शिष्टाचार भेंट की। प्रधानाचार्य ने जिलाधिकारी का स्वागत करते हुए उन्हें पौधा भेंट किया। भेंट के दौरान मेडिकल कॉलेज एवं उससे संबद्ध अस्पताल की व्यवस्थाओं, स्वास्थ्य सेवाओं तथा शैक्षणिक गतिविधियों को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। प्रधानाचार्य ने कॉलेज और अस्पताल की वर्तमान व्यवस्थाओं से जिलाधिकारी को



अवगत कराया। दोनों अधिकारियों ने आमजन को बेहतर और सुलभ स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा मेडिकल कॉलेज की व्यवस्थाओं को और सुदृढ़ करने पर विचार-विमर्श किया। प्रधानाचार्य डॉ. चौधरी ललिता ने कहा कि जिला प्रशासन के सहयोग और मार्गदर्शन से मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के विकास के लिए आवश्यक कार्यों को गति दी जाएगी। इसका उद्देश्य जिले के लोगों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराना है।जिलाधिकारी उमेश प्रताप सिंह जल्द ही महात्मा विदुर मेडिकल कॉलेज एवं संबद्ध अस्पताल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लेंगे। इस दौरान स्वास्थ्य सेवाओं, अस्पताल की व्यवस्थाओं और मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की स्थिति का निरीक्षण किया जाएगा।

विधायक ओम कुमार ने नमामि भारत वंदे मातरम् कार्यक्रम का किया शुभारंभ

नहटौर/बिजनौर (सब का सपना):- बलराम कुंवर सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज नहटौर में शुक्रवार को नमामि भारतम्ः वंदे मातरम् के 150 वें वर्ष पूर्ण होने पर विद्यालय में कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें भाजपा विधायक ओम कुमार ने नमामि भारतम् वंदे मातरम कार्यक्रम का शुभारंभ भारत मां के चित्र पर दीप प्रज्वलित करके किया । कार्यक्रम के मुख्य वक्ता हिमांशु राजपूत राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के जिला संपर्क प्रमुख ने वंदे मातरम के इतिहास के बारे में विस्तार से प्रकाश डालते हुए बताया कि देश की आजादी में इस गीत का बहुत महत्व पूर्ण स्थान रहा साथ ही देश को आजादी दिलाने के लिए क्रांतिकारियों ने इस गीत को विशेष दर्जा दिया । यह गीत वर्तमान समय में महत्वपूर्ण स्थान रखता है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नहटौर



विधानसभा के भाजपा विधायक ओम कुमार ने छात्र-छात्राओं के साथ वंदे मातरम गीत गाया तथा वंदे मातरम् के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर विधायक ओम कुमार ने कहा कि स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद वंदे मातरम को राष्ट्र की ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक चेतना में विशिष्ट स्थान प्रदान किया गया । इस राष्ट्रगीत को गौरव प्राप्त हुआ आज जन गण मन राष्ट्रीय गान और वंदे मातरम राष्ट्रीय गीत के रूप में भारत की राष्ट्रीय पहचान के महत्वपूर्ण प्रतीक हैं नमामि भारतम का एक प्रमुख उद्देश्य यह है कि आज का विद्यार्थी वंदे मातरम को केवल एक गीत के रूप में न जाने बल्कि उसके पीछे निहित स्वतंत्रता आत्म सम्मान मातृभूमि प्रेम त्याग एकता और राष्ट्रीय चेतना के इतिहास को भी समझे। साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सपने को साकार करने में पूर्ण सहभागिता करनी है साथ ही डबल इंजन की सरकार जन कल्याणी योजनाओं के माध्यम से जनमानस को आत्मनिर्भर बनाने में बिना भेदभाव के कार्य कर रही है वर्ष 2027 का होने वाला चुनाव भाजपा का होगा।

इस अवसर पर स्कूल प्रबंधक सिद्धार्थ कुमार अग्रवाल, विवेक कुमार अग्रवाल,विद्यालय के प्रधानाचार्य सुरेंद्र कुमार शर्मा, चेयरमैन नरेश कुमार, चौधरी ज्येष्ठवीर,अनुभव विश्वकर्मा ,विनेशपाल सिंह, टीकम सिंह, सुरेंद्र सिंह , दीपक कुमार दक्ष व छात्र छात्राओं ने भाग लिया इस अवसर पर सामूहिक वंदे मातरम गीत गाया गया स्कूल की ओर से अतिथियों को बैज लगाकर एवं अंग वस्त्र पहनाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विवेक कुमार अग्रवाल तथा संचालन टीकम सिंह ने किया।

एसपी ग्रामीण बने यातायात प्रभारी गौतम राय

प्रकाश कुमार का कानपुर के लिए तबादला

बिजनौर (सब का सपना):- जिला मुख्यालय पर यातायात प्रभारी का कार्यभार संभालने वाले गौतम राय अब अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के स्थान पर नियुक्त किए गए हैं। शासन के द्वारा जारी आईपीएस के तबादले में जहां अपर पुलिस अधीक्ष-ाक ग्रामीण प्रकाश कुमार का तबादला बिजनौर से कानपुर के लिए होने का नाम शामिल है तो वही बिजनौर जिले में यातायात प्रभारी का कार्य संभाल रहे गौतम राय को अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण बनाया गया है। अपने मधुर व्यवहार से सभी का



दिल जीतने वाले गौतम राय को जैसे ही अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण बनाया गया तो उनके शुभचिंतको में खुशी की लहर दौड़ गई और पुलिस विभाग में भी उन्हें मुबारकबाद देने का सिलसिला शुरू हो गया। व्यापारियों मीडिया कर्मियों व गणमान्य नागरिकों ने उन्हें गुलदस्ता भेंट कर नई पारी के लिए उन्हें मुबा-रकबाद दी। आईपीएस की लिस्ट में शामिल गौतम राय के अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण बनाए जाने के बाद कोतवाली देहात के पत्रकार अरबाज अंसारी, खालिद हबीब अंसारी, समाजसेवी फहीम अंसारी, वरिष्ठ अधिवक्ता प्रेम कुमार शर्मा, अलीनगर निवासी तनवीर अंसारी, (स्योहारा थाना क्षेत्र के निवासी लांबाखेड़ा पत्रकार आजम अंसारी,) ग्यास शम्सी, शैलू शम्सी, तारीख अजीम, शान शम्सी, शाहिद दर्जनों लोगों ने उन्हें मुबारकबाद दी।

पुत्र के अपहरण का आरोप, पिता ने मुख्यमंत्री से लगाई बरामदगी की गुहार

स्योहारा पुलिस पर कार्रवाई न करने का आरोप, पत्नी समेत चार लोगों पर जताई हत्या की आशंका

स्योहारा/बिजनौर (सब का सपना):- थाना स्योहारा क्षेत्र के ग्राम रामखेड़ा निवासी महेश कुमार ने अपने पुत्र देवेंद्र कुमार के अपहरण का आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री को प्रार्थना पत्र भेजकर उसकी सकुशल बरामदगी की गुहार लगाई है। पीड़ित पिता का आरोप है कि मामले की शिकायत करने के बावजूद स्थानीय पुलिस द्वारा प्रभावी कार्रवाई नहीं की जा रही है। मुख्यमंत्री को भेजे प्रार्थना पत्र के अनुसार, 7 सितंबर 2026 की रात करीब आठ बजे देवेंद्र अपने परिचित सोनू, संजय और सतवीर के साथ मोटरसाइकिल से घर से निकला था। पूछने पर उसने बताया था कि वह अपनी पत्नी गुड्डी को लेने जा रहा है। इसके बाद देवेंद्र वापस नहीं लौटा। महेश कुमार के मुताबिक, उन्होंने 9 सितंबर को थाना स्योहारा



में गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई, जिसकी पुलिस प्राप्ति भी दी गई। शि-ाकायत की जांच एक उपनिरीक्षक को सौंपे जाने का उल्लेख प्रार्थना पत्र में किया गया है, लेकिन पीड़ित का आरोप है कि इसके बाद कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद 17 सितंबर को पुलिस अधीक्षक बिजनौर को तथा 18 सितंबर को मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 पर शिकायत की गई, लेकिन अभी तक किसी संदिग्ध से पूछताछ नहीं किए जाने का आरोप लगाया गया है। प्रार्थी ने अपनी शि-ाकायत में देवेंद्र की पत्नी गुड्डी, संजय, सतवीर, सोनू और मनोज पर आपराधिक षड्यंत्र के तहत देवेंद्र के अपहरण का संदेह जताया है। शि-ाकायत में गुड्डी और संजय के बीच कथित संबंधों का हवाला देते हुए यह भी आरोप लगाया गया है कि पूर्व में देवेंद्र के साथ मारपीट कर उसे जान से मारने की धमकी दी गई थी। प्रार्थी ने दावा किया है कि 19 सितंबर को कुछ लोगों ने उसके घर आकर देवेंद्र के अपहरण की बात स्वीकार करने की बात कही तथा यह भी कहा कि देवेंद्र को गन्ने के खेत में छिपाया जा सकता है। शि-ाकायतकर्ता ने आशंका जताई है कि उसके पुत्र की हत्या कर शव को जमीन में दबाया गया हो सकता है। महेश कुमार ने मुख्यमंत्री से मामले की गंभीरता को देखते हुए देवेंद्र की तलाश कराकर सकुशल बरामदगी तथा नामजद एवं संदिग्ध लोगों के विरुद्ध आवश्यक कानूनी कार्रवाई किए जाने की मांग की है। पुलिस की ओर से मामले में क्या कार्रवाई की गई है, इसकी स्वतंत्र पुष्टि फिलहाल नहीं हो सकी है।

सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, रामलीलाबाग में 'अखिल भारतीय वंदे मातरम गायन' का भव्य आयोजन

नगीना/बिजनौर (सब का सपना):- सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, रामलीलाबाग (नगीना) में 'अखिल भारतीय वंदे मातरम गायन' कार्यक्रम का अत्यंत भव्य एवं गरिमामय आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्र-ाओं एवं आचार्यों ने राष्ट्रभक्ति से ओत-प्रोत होकर सामूहिक रूप से 'वंदे मातरम' का गायन किया, जिससे संपूर्ण विद्यालय प्रांगण देशप्रेम की भावना से गुंजायमान हो उठा। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ मुख्य अतिथियों एवं विद्यालय प्रबंध समिति के पदाधिकारियों द्वारा मां सरस्वती एवं भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण के साथ



हुआ। तत्पश्चात छात्र-छात्राओं द्वारा मधुर एवं लयबद्ध स्वर में 'वंदे मातरम' का गायन प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर आयोजित सभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने 'वंदे मातरम' के ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि यह राष्ट्रीय गीत हमारे स्वतंत्रता संग्राम की अमर चेतना रहा है और आज भी प्रत्येक भारतीय के हृदय में राष्ट्रभक्ति एवं समर्पण की भावना को प्रज्वलित करता है। कार्यक्रम में सीओ राजेश कुमार सिंह, न्यायिक मजिस्ट्रेट मानवेंद्र सिंह , मुकेश (विभाग कार्यवाह, आरएसएस),हेमंत कुमार सिंह, सुनील अग्रवाल, राकेश कर्णवाल, संजय वर्मा, अनमोल , योगेंद्र गुप्ता, देवी, प्रदीप शर्मा ,प्रदीप गर्ग,डॉ. संदीप कुमार शर्मा, डॉ. वालेश विश्नोई, सतीश कुमार गौतम (पूर्व विधायक), व रोहित रवि आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के सफल समापन पर विद्यालय के प्रधानाचार्य महेश सिंह ने पधारे हुए सभी अतिथियों, अभिभावकों एवं उपस्थित जनसमूह का धन्यवाद व्यक्त किया व आभार जताया। कल्याण मंत्र के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

जेई से मारपीट के विरोध में विद्युत अभियंताओं ने दिया धरना

नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग, एसपी ने दिया जल्द कार्रवाई का आश्वासन





बिजनौर (सब का सपना):- राज्य विद्युत परिषद जूनियर इंजीनियर्स संगठन, जनपद बिजनौर के प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार को अधीक्षण अभियंता कार्यालय परिसर में धरना देकर 18 सितंबर को बिजली चेकिंग के दौरान जेई व अन्य विद्युत कर्मचारियों के साथ हुई मारपीट की घटना पर रोष जताया। अभियंताओं ने पुलिस अधीक्षक से प्रकरण में नामजद आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की। संगठन के पदाधिकारियों ने कहा कि विद्युत विभाग की टीम के साथ चेकिंग के दौरान हुई मारपीट की घटना से अभियंताओं एवं कर्मचारियों में अस-ुरक्षा की भावना बनी हुई है। उन्होंने आरोपियों के खिलाफ प्रभावी का-र्रवाई किए जाने तथा विभागीय कर्मचारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग उठाई। प्रतिनिधिमंडल ने पुलिस अधीक्षक को पूरे प्रकरण से अवगत कराते हुए नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की। इस पर पुलिस अधीक्षक ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया कि आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम लगातार दबिश दे रही है। शेष नामजद आरोपियों को भी जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।धरने के दौरान विद्युत अभियंताओं ने स्पष्ट किया कि विभागीय कर्मचारियों के साथ अभद्रता और मारपीट की घटनाओं को गंभीरता से लिया जाना चाहिए, ताकि कर्मचारी निर्भीक होकर अपने दायित्वों का निर्वहन कर सकें।

पेदा हत्याकांड में 10 साल बाद अभियुक्त नितिन दोषमुक्त

अदालत के फैसले से परिजनों में खुशी, अधिवक्ता के चैंबर पर बांटी मिठाई





बिजनौर (सब का सपना):- चर्चित पेदा हत्याकांड से जुड़े करीब 10 साल पुराने मामले में अपर सत्र न्यायाधीश पॉक्सो अधिनियम की अदालत ने अभियुक्त नितिन को आरोपों से दोषमुक्त कर दिया। अदालत के फैसले के बाद नितिन के परिजनों में खुशी की लहर दौड़ गई। परिजनों ने अधिवक्ता के चैंबर पर पहुंचकर मिठाई बांटकर खुशी का इजहार किया।मामला 16 सितंबर 2016 को थाना कोतवाली शहर क्षेत्र के ग्राम पेदा में हुई तीन लोगों की हत्या की घटना से जुड़ा है। इस प्र-करण में कई लोगों को अभियुक्त बनाया गया था। इसी मुकदमे में ग्राम पेदा निवासी नितिन पुत्र संसार सिंह भी अभियुक्त था। मामला अपराध संख्या 1036/2016 से संबंधित था। इसमें भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं के अलावा क्रिमिनल लॉ अमेंडमेंट एक्ट और पॉक्सो एक्ट की धाराएं भी लगाई गई थीं।मामले की सुनवाई अपर सत्र न्यायाधीश, पॉक्सो अधिनियम, बिजनौर की पीठासीन अधिकारी सीमा वर्मा, उच्चतर न्यायिक सेवा यूपी-1662 की अदालत में सत्रवाद संख्या 1258/2023, राज्य बनाम नितिन के रूप में हुई। 25 सितंबर 2026 को अदालत ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनीं।अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक भालेंद्र सिंह राठौर ने पैरवी की, जबकि अभियुक्त नितिन की ओर से अधिवक्ता राजेंद्र सिंह ने पक्ष रखा।

दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद अदालत ने नितिन को उसके विरुद्ध लगाए गए आरोपों से दोषमुक्त कर दिया।फैसला आने के बाद नितिन के परिजन अधिवक्ता राजेंद्र सिंह के चैंबर पर पहुंचे और मिठाई बांटकर खुशी जताई। परिजनों ने कहा कि करीब एक दशक से चल रहे मामले में अदालत के फैसले से उन्हें राहत मिली है।

सनातन धर्म विचार सभा के तत्वाधान में चल रहे गणेश महोत्सव का समापन

नहटौर/बिजनौर (सब का सपना):- सनातन धर्म प्रचार सभा के तत्वाधान में चल रहे श्री हाथी वाला मंदिर में गणेश महोत्सव के समापन पर नगर में गणेश जी की विसर्जन यात्रा में गणपति बप्पा मोरया अगले बरस तू जल्दी आ उद्घघोष से नगर का माहौल भक्ति में हो गया और इस उद्घघोष के साथ श्रद्धालु गणपति को विसर्जन करने के लिए गए श्री हाथी वाला मंदिर में हवन एवं महारती के बाद गणेश जी के विसर्जन यात्रा निकाली गई। यात्रा मंदिर से प्रारंभ होकर अपने निर्धारित मार्गों से होती हुई चामुंडा देवी मंदिर पर जाकर संपन्न हुई। शोभा यात्रा में



श्रद्धालु आपस में रंग गुलाल की होली खेलते हुए चल रहे थे, गणपति बप्पा मोरया अगले बरस तू जल्दी आ के उद्घोषों से नगर का वातावरण भक्ति में हो गया बाद में गणेश जी की प्रतिमा को बिजनौर बैराज लेकर जाकर विसर्जन किया गया। सुरक्षा की दृष्टि से शहर इंचार्ज अशोक मलिक भारी संख्या में पुलिस फोर्स के साथ मौजूद रहे। इस मौके पर बाबा मलंग दास , प्रदीप अग्रवाल, वन्दना अग्रवाल, सभासद मुकेश गुप्ता, पायल गुप्ता, पलक गुप्ता, निश्चल त्यागी, सुशांत गोयल, छाया गोयल, रमन गोयल, अंजु गोयल, निशा अग्रवाल,

संजोग अग्रवाल, पवन अग्रवाल, अर्चना अग्रवाल, रतन सैनी, गुड्डी सैनी, विनीत गोयल, परवेंदर पाल सिंह, सरनीत कौर, पंडित सुबोध भा-रद्वाज, पंडित, अशोक शर्मा, डा. ए. के. दक्ष (एम.डी.) दक्ष हास्पिटल नहटौर एवं जिलाध्यक्ष रा. प्र. महासभा बिजनौर डा. मनीषा दक्ष, गोलू दक्ष, फूलवती दक्ष समेत अन्य लोग मौजूद रहे।